Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 13 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 20 जून 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



उस ओर कभी भी मत जाओ, जिस ओर तुम्हारे चरित्र में पतन होने का खतरा हो।

Never go towards that direction where is danger for decline of your character.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### एमएलए किरण चौधरी अपनी बेटी के साथ बीजेपी में हुईं शामिल

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधु व भिवानी के तोशाम से रू किरण चौधरी और उनकी पूर्व सांसद बेटी श्रुति चौधरी बीजेपी में शामिल हो गई हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उन्हें भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। किरण चौधरी और श्रुति ने बीते कल ही को कांग्रेस पार्टी छोड़ी थी। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इस्तीफा भेजा है। जिसमें किरण ने लिखा कि यहां पार्टी को निजी जागीर की तरह चला रहे हैं। मुझे बेइज्जत किया गया।

### अमृतपाल को झटका, एनएसए की अवधि एक साल बढ़ी

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** खालिस्तानी समर्थक एवं खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल के साथियों पर एनएसए एक साल और बढ़ा दिया गया है। अमृतपाल के 9 साथियों पर एनएसए की मियाद 18 जून को यानी कल खत्म हो चुकी थी। अमृतपाल के साथ-साथ उसके सभी 9 साथियों पर भी ऑर्डर लागू किया गया है। फिलहाल, अमृतपाल सिंह अपने साथियों के साथ असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है और लोकसभा चुनावों में भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज की है। इन आदेशों को लोकसभा चुनावों के दो दिन बाद व परिणाम के एक दिन पहले ही 3 जून को जारी कर दिया गया था।

## सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक, लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बस्तर, सरगुजा, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरणों के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया। इसका उद्देश्य पांचों प्राधिकरणों की कार्य प्रणाली को प्रभावी एवं सशक्त बनाने के साथ ही उन क्षेत्रों में जनसुविधा के कामों को गति प्रदान करना है। इन पांचों प्राधिकरणों की कमान अब सीधे मुख्यमंत्री के जिम्मे होगी। स्थानीय विधायकों में से एक विधायक को इसका उपाध्यक्ष मनोनीत किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक इन प्राधिकरणों के सदस्य होंगे। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव अथवा सचिव इन पांचों प्राधिकरणों के सदस्य सचिव होंगे।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004-05 में बस्तर, सरगुजा एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का गठन तत्कालीन सरकार द्वारा किया गया था। तत्पश्चात् वर्ष 2012 में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछडावर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया गया। इन प्राधिकरणों के अध्यक्ष मुख्यमंत्री हुआ करते थे। प्राधिकरणों के गठन के पश्चात् अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों, अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों, मजरा-टोला, पारा-मोहल्लों, वार्डों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी आवश्यकताओं के अनेक महत्वपूर्ण कार्य कराए गए थे। वर्ष 2019 में तत्कालीन सरकार द्वारा इन प्राधिकरणों के कार्य संचालन की प्रक्रिया में अमूल-चूल परिवर्तन कर दिया गया, जिसके चलते प्राधिकरणों का न सिर्फ महत्व कम हो गया, बल्कि इनके कार्यों में पारदर्शिता मॉनिटरिंग का अभाव होने के साथ ही शासन स्तर पर कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं रहा। उक्त स्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कैबिनेट ने पांचों प्राधिकरणों के पुनर्गठन एवं निधि नियम के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान 23 फरवरी, 2024 को पारित अशासकीय संकल्प के तहत प्रदेश के जितने भी मैदानी क्षेत्र हैं, उन क्षेत्रों में भी जहाँ अनुसूचित जनजातियों की 25 प्रतिशत से अधिक बहुलता है, उन क्षेत्रों के गांवों एवं ब्लाकों को मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के क्षेत्रों में शामिल किया गया है।

प्राधिकरण अपना कार्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त कर, मतैक्य से माननीय मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुरूप करेंगे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्राधिकरण सामाजिक, आर्थिक एवं सर्वांगीण विकास पर अपना ध्यान केन्द्रित करेगा। प्राधिकरण को सशक्त, पारदर्शी एवं प्रभावशाली बनाया जाएगा। वर्तमान में प्राधिकरण के माध्यम से होने वाले विकास कार्यों के लिए बस्तर, सरगुजा, मध्य क्षेत्र, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के लिए 50-50 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है तथा ग्रामीण एवं अन्य पिछडावर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के लिए 80 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

कैबिनेट द्वारा उच्च शिक्षा विभाग में अतिथि व्याख्याता नीति-2024 का अनुमोदन किया गया।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चना वितरण हेतु निर्गम मूल्य पर चना क्रय करने के संबंध में कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र एवं मॉडा क्षेत्र में अन्त्योदय एवं प्राथमिकता वाले परिवारों को चना वितरण हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित निर्गम मूल्य तथा नागरिक आपूर्ति निगम को प्राप्त रॉ चना की मिलिंग एवं परिवहन दर को जोड़कर प्राप्त कुल दर पर चना खरीदा जाएगा।

मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से 14 हजार 369 व्यक्तियों एवं संस्थाओं को 19 करोड़ 37 लाख 93 हजार रूपए की स्वीकृत राशि का कार्योत्तर अनुमोदन मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदान किया गया।

कैबिनेट द्वारा विदेशी मदिरा के थोक विक्रय एवं भंडारण हेतु वर्तमान में प्रचलित एफएल 10 ए बी अनुज्ञप्ति की व्यवस्था को समाप्त करते हुए सीधे विनिर्माता इकाईयों से विदेशी मदिरा का थोक क्रय किए जाने का अनुमोदन किया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि विदेशी मदिरा का क्रय इससे पहले लायसेंसियों द्वारा किया जाता था। सरकार ने इस व्यवस्था को समाप्त करने के साथ ही विदेशी मदिरा क्रय करने की जिम्मेदारी अब छत्तीसगढ़ बेवरेज कार्पोरेशन को दे दी है।

## शिक्षा का नया केंद्र : पीएम नरेन्द्र मोदी ने किया नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का उद्घाटन



**17 देशों के राजदूत कार्यक्रम में हुए शामिल**

**बिहारशरीफ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के नालंदा जिले के राजगीर स्थित अंतर्राष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया। नालंदा पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबसे पहले प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय का भग्नावशेष देखा और उसके इतिहास की पूरी जानकारी ली।

नालंदा विश्वविद्यालय का इतिहास, शिक्षा के प्रति भारतीय दृष्टिकोण और इसकी समृद्धि को दर्शाता है। इसका महत्व न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरे विश्व के लिए अनमोल धरोहर के रूप में है। नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत का एक प्रमुख और ऐतिहासिक शिक्षा केंद्र था। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार बिहार पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी राजगीर स्थित अंतर्राष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे और नए परिसर का उद्घाटन किया।

इस मौके पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विदेश मंत्री जयशंकर, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। राजगीर के अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस में कुल 24 बड़ी इमारतें हैं। परिसर में 40 कक्षाओं वाले दो शैक्षणिक ब्लॉक हैं, जिनकी कुल बैठने की क्षमता लगभग 1900 है। इसमें 300 सीटों की क्षमता वाले दो सभागार हैं। इसमें 550 छात्रों की क्षमता वाला एक छात्र छात्रावास है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, 2000 व्यक्तियों तक की क्षमता वाला एम्फीथिएटर, फैकल्टी क्लब और खेल परिसर सहित कई अन्य सुविधाएं भी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने सदियों तक निरंतरता को एक मॉडल के रूप में जीकर दिखाया है। अपने उन्हीं अनुभवों के आधार पर भारत ने विश्व को मिशन लाइफ जैसा मानवीय विजन दिया है। उन्होंने कहा कि हम प्रगति और पर्यावरण को एक साथ लेकर चले हैं। मेरा मिशन है कि भारत की पहचान फिर से दुनिया के सबसे प्रमुख ज्ञान के केंद्र के रूप में बने। आज पूरी दुनिया की दृष्टि भारत पर है, भारत के युवाओं पर है, दुनिया बुद्ध के इस देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहती है। नालंदा की धरती विश्व बंधुत्व की भावना को नया आयाम दे सकती है, इसलिए नालंदा के विद्यार्थियों का दायित्व और ज्यादा बड़ा है।

यह परिसर एक 'नेट जीरो' ग्रीन कैंपस है। यह सौर संयंत्र, घरेलू और पेयजल शोधन संयंत्र, अपशिष्ट जल के पुन: उपयोग के लिए जल पुनर्चक्रण संयंत्र, 100 एकड़ जल निकाय और कई अन्य पर्यावरण अनुकूल सुविधाओं के साथ आत्मनिर्भर रूप से कार्य करता है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत खास दिन है। आज सुबह करीब 10:30 बजे राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया जाएगा। नालंदा का हमारे गौरवशाली अतीत से गहरा नाता है। यह विश्वविद्यालय निश्चित रूप से युवाओं की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## बृजमोहन अग्रवाल ने छोड़ा मंत्री पद, मुख्यमंत्री साय को सौंपा इस्तीफा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विधायकी से इस्तीफा देने के एक दिन बाद आज मंत्री पद से इस्तीफ़ा दे दिया। बृजमोहन अग्रवाल ने कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

इसके पहले बृजमोहन अग्रवाल ने सांसद बनने के बाद सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को अपना इस्तीफा सौंपा. इस दौरान विधायक अजय चंद्राकर, विधायक पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, पूर्व सांसद सुनील सोनी सहित कई नेता मौजूद थे।

इस्तीफे के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, एक नई पारी की शुरुआत कर रहा हूं. आप सभी का प्यार और दुलार मिलता रहेगा. मैं रायपुर दक्षिण की जनता से माफी मांगता हूं. मुझे विधायक का पद नई दायित्व के साथ छोड़ना पड़ा है. मैं संसद में जनहित के मुद्दों को उठाता रहूंगा. केंद्र में मंत्री नहीं बन पाने का मुझे मलाल नहीं है।

## तेलंगाना के 11 से 16 वर्ष के चार युवा एडवेंचरर्स ने हासिल की नई ऊंचाईयां

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रसिद्ध पर्वतारोही सत्यरूप सिद्धांत की एडवेंचर कंपनी विनर्स एंड अचीवर्स और रांची के आई 3 फाउंडेशन के नेतृत्व में 5 से 19 मई 2024 को एडवेंचर के एक सफल कैंप का समापन किया गया। इस एडवेंचर अभियान में तेलंगाना के चार युवा एडवेंचरर्स ने पहाड़ों की रोमांचक यात्रा के दौरान नए मानक स्थापित किए। इस अभियान में 11 से 16 वर्ष के तेलंगाना से लट्टूपल्ली ललित्या रेड्डी, शमीन रमेश क्याथम, लट्टूपल्ली श्रीहन रेड्डी, गोली प्रीथम शामिल हुए। इन युवाओं ने अभियान के दौरान विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए अदभ्य साहस का परिचय दिया। जिन्हें विनर्स एंड अचीवर्स द्वारा व्यापक सुरक्षा उपाय प्रदान किए गए और चुनौतियों से निपटने के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन दिया गया।

## जम्मू-कश्मीर के बारामूला में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के रफीयाबाद इलाके के हादीपोरा गांव में आज सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। अभी मारे गए दोनों आतंकवादियों की पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस और सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि इलाके में आतंकवादी छिपे हुए हैं। इसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया था। अधिकारियों ने कहा, जब सुरक्षाबलों की टीम छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंची तो उन्होंने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। परिणाम स्वरूप वहां मुठभेड़ शुरू हो गई जिसमें दो आतंकवादी मारे गये हैं। अधिकारियों के अनुसार, मुठभेड़ अब भी जारी है। हाल के दिनों में पूरे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ की घटनाएं बढ़ गई हैं। इनमें कई आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया गया है।

## फिलहाल जेल में ही रहेंगे अरविंद केजरीवाल, 3 जुलाई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। उनकी न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी गई है यानि तब तक केजरीवाल जेल में ही रहेंगे। केजरीवाल को दिल्ली एक्साइज पालिसी केस में गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वो तिहाड़ जेल में बंद हैं। आज राउस एवेन्यु कोर्ट ने केजरीवाल एवं विनोद चौहान की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी। दोनों की आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। कोर्ट में केजरीवाल के वकील ने विक्रम चौधरी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री है, एक राष्टीय पार्टी के मुखिया है, उनसे समाज को कोई खतरा नहीं है। यह मामला अगस्त 2022 से लंबित है, केजरीवाल को 2024 में गिरफ्तार किया गया।

## कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी का मनाया गया जन्मदिन



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज 19 जून को अपना 54वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित कांग्रेस दफ्तर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केक भी काटा।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी और उन्हें कमजोरों की आवाज, संविधान के प्रति अटूट आस्था रखने वाला तथा सत्ता को सच का आईना दिखाने वाला बताया। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर राहुल को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि हमेशा मेरे दोस्त बने रहना। उन्होंने राहुल को अपना सहयोगी तर्कशील मार्गदर्शक, दार्शनिक बताया।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंडरिया क्षेत्र के लिए पांच नि:शुल्क एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को मिल सकेगी स्वास्थ्य की आपातकालीन सुविधाएं**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी स्थित मुख्यमंत्री निवास परिसर से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए 5 नि:शुल्क एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा संचालित नि:शुल्क एम्बुलेंस की संख्या बढ़कर अब आठ हो गई है। क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को अब आपातकालीन सुविधा 24 घंटे 7 दिन मिलेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, श्री रामविचार नेताम, श्री केदार कश्यप और विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज मुझे बहुत ही हर्ष का अनुभव हो रहा है। विधायक श्रीमती भावना बोहरा की पहल से अपने एक और वादे को पूरा करने का हमें अवसर मिला है। नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत इंदौरी, पंडरिया, पांडातराई, दुल्लापुर एवं कुंडा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा एवं आपातकालीन सेवा मिलेगी। भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा का संचालन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इससे किसी भी विषम परिस्थिति में मरीजों को त्वरित सेवा मिलेगी। जनहित के ऐसे प्रयास के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं को आगे आना चाहिए। विधानसभा चुनाव के समय भावना बोहरा की गारंटी सेवा संकल्प पत्र में हमने स्वस्थ एवं समृद्ध पंडरिया के उद्देश्य को सार्थक करने हेतु पंडरिया विधानसभा में निशुल्क एम्बुलेंस सेवा शुरू करने का संकल्प किया था और आज मुझे बहुत ही ख़ुशी हो रही है कि आप सभी के सहयोग एवं समर्थन से हम अपने इस संकल्प को पूरा करने जा रहे हैं।

गौरतलब है कि रणवीरपुर एवं आदिवासी व वनांचल क्षेत्र कुई-कुकदुर में पहले से ही तीन नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा का सुचारू रूप से संचालन हो रहा है और अब तक हजारों परिवारों को इस आपातकालीन सेवा का लाभ मिल रहा है। आपातकालीन समय में मरीजों को घर से अस्पताल व अस्पताल से घर लाने-ले जाने के साथ ही बहुत से ऐसे मरीज थे, जिन्हें बेहतर उपचार हेतु रायपुर व अन्य जिलों में भी इस एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुँचाने की सुविधा मिली है। इसके साथ ही पूर्व में संचालित एक नि:शुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब एवं महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु महाविद्यालय से घर आने-जाने हेतु तीन नि:शुल्क बस सेवा की सुविधा दी जा रही है।

## सामुहिक जिम्मेदारी से दूर होगी सिकल सेल एनीमिया की बीमारी : विष्णुदेव साय

### अखिल भारतीय स्तर के सिकल सेल रिसर्च सेंटर खोलने के लिए केंद्र सरकार को भेजा गया है प्रस्ताव : मुख्यमंत्री



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में देश 2047 तक विकसित भारत का रूप ले लेगा और इसी दौरान भारत से सिकल सेल एनीमिया की बीमारी भी पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज अटल बिहारी वाजपेयी आडिटोरियम, मेडिकल कालेज, रायपुर में विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर पर अपना संबोधन दे रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विश्व सिकल सेल दिवस पर सिकल सेल की स्क्रीनिंग और जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होकर सिकल सेल जागरूकता रथ को रवाना किया और सिकल सेल से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सिकल सेल पीड़ितों को जेनेटिक कार्ड का वितरण किया और बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों में भी जागरूकता फैलाने के लिए सिकल सेल की जानकारी देने वाली हल्बी और गोंडी भाषा की पुस्तिका का विमोचन किया।

इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री राम विचार नेताम ,शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, वन मंत्री श्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सिकल सेल की जाँच और परीक्षण आवश्यक रूप से कराना चाहिए और इसकी रोकथाम के लिए सभी को जागरूक होना आवश्यक है द्य विवाह के पूर्व सभी महिला और पुरुष को सिकलसेल की जाँच करानी चाहिए और दोनों के पीड़ित होने पर शादी नहीं करनी चाहिए ताकि आनुवंशिक रूप से यह बीमारी अगली पीढ़ी मे स्थानांतरित न होने पाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी समुदाय के लोग सिकलसेल एनीमिया से ज्यादातर पीड़ित हैं। इन पीड़ित मरीजों के लिए स्वास्थ्य विभाग और आदिम जाति विकास विभाग के सहयोग से जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिकलसेल के लिए राष्ट्रीय स्तर का रिसर्च सेंटर प्रारंभ करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है ताकि प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया बीमारी से और बेहतर तरीके से बचाव किया जा सके।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों के लक्षित 1 करोड़ 77 लाख 69 हजार 535 सिकल सेल स्क्रीनिंग के विरूद्ध कुल 1 करोड़ 11 लाख 06 हजार 561 स्क्रीनिंग कर लिया गया है द्य इस परीक्षण में 1 करोड़ 06 लाख 24 हजार 245 स्क्रीनिंग निगेटिव पाए गए है। स्क्रीनिंग में 2 लाख 90 हजार 663 वाहक पाये गये हैं तथा 22 हजार 672 को बीमारी प्राप्त हुई।

## महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन द्वारा किया गया निशुल्क योग शिविर आयोजन

**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** नगर के गंज रोड स्थित गंगा सा मिल के पीछे अशोका हाल में 21 जून विश्व योग दिवस के अवसर पर नगर की सामाजिक संस्था महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा निशुल्क योग शिविर एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस योग शिविर में विभिन्न प्रकार के योग जैसे हठयोग, अयंगर योग, प्रसव पूर्व योग, चिकित्सा योग, सर्वाइकल योग स्पॉन्डिलोसिस उपचार योग, कमर दर्द योग व ओस्टियो आर्थराइटिस योग सहितअन्य प्रकार के योग सिखाए जाएंगे। योगाचार्य श्री योगराज साहू हरिद्वार हैं। योग शिविर का समय सुबह 6 बजे से 9:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। योग शिविर में शामिल होने के लिए इच्छुक व्यक्ति इन नंबरों मो 8319551173, 999333180 पर संपर्क कर सकते हैं।

## डी.के.एस. अस्पताल में भोजन वितरण कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक के साथ डीकेएस अस्पताल पहुंचे वहां पर कांग्रेसजनो ने मरीजों व परिजनों को भोजन वितरण किया। इस दौरान एमआईसी मेंबर सुंदर जोगी, प्रदेश संयुक्त महामंत्री शारिक रईस खान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश गड़पाल, उर्दू अकादमी सदस्य रिजवान खान, सचिव शब्बीर खान, वार्ड अध्यक्ष जावेद दद्दा, नंदू सिन्हा, राजेश त्रिवेदी, शरद गुप्ता, आरती माहुरी, दिनेश निर्मलकर, विवेक सोनी, नईम, वसीम, लाला, सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।



**आम जनता की आवाज है राहुल गांधी :** मोहम्मद सिद्दीक ने कहा राहुल गांधी देश के असंख्य युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। राहुल गांधी निर्भिक होकर आम जनता के लिए संघर्ष और कार्य करते हैं। राहुल गांधी देश की आम जनता की आवाज है, जो संसद से लेकर सड़क तक गूंजती है। राहुल गांधी ने सदैव शोषितों, पीढ़ितो, की आवाज बुलंद की है इसी लिए उनकी मंशा स्वरूप उनके जन्मदिन को जनसेवा कर मनाया गया।

## 53वें जीएसटी काउंसिल की बैठक के लिए चेंबर ने जीएसटी सरलीकरण के संबंध में सुझाव भेजा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि 22 जून 2024 को होने वाली 53वें जीएसटी काउंसिलिंग की बैठक में सुझाव देने हेतु चैंबर भवन में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई थी। इसी तारतम्य में आज चेम्बर द्वारा जीएसटी सरलीकरण हेतु सुझाव के संबंध में माननीय केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन, राज्य वित्त मंत्री माननीय ओ. पी. चैधरी, कमिश्नर सेंट्रल टैक्स माननीय मो.अबु समा (आईआरएस) रायपुर एवं राज्य जीएसटी आयुक्त माननीय रजत बंसल जी को जीएसटी सरलीकरण के संबंध में सुझाव भेजा गया। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी जी ने बताया कि 22 जून 2024 को होने वाली 53वें जीएसटी काउन्सिल की बैठक में जीएसटी सरलीकरण हेतु सुझाव देने तथा प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही परेशानियों के संबंध में चेंबर भवन में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों की बैठक रखी गई थी जिसमें जीएसटी सरलीकरण को लेकर विभिन्न सुझाव प्राप्त हुए, जिसे प्रमुख रूप से चेंबर ने सुझावों को सूचीबद्ध किया।

## मनोज बाजपेयी की अवॉर्ड विनिंग थ्रिलर 'जोरम' का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर, एंड एक्सप्लोर एचडी पर

**मनोरंजक** और विचारोत्तेजक थ्रिलर 'जोरम' दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है, जहां 22 जून को रात 9 बजे एंड एक्सप्लोर एचडी पर इस फिल्म का बहुप्रतीक्षित वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होने जा रहा है। बेहद सराहे जाने वाले फिल्ममेकर देवाशीष मखीजा द्वारा निर्देशित और बहुमुखी अभिनेता मनोज बाजपेयी द्वारा अभिनीत, 'जोरम' एक ऐसे इंसान और उसकी नवजात बेटी की दर्दनाक कहानी है, जो अपने अतीत और उन ताकतों से बचने की कोशिश कर रहा है जो उसे खत्म करना चाहती हैं। एक शानदार कहानी और मनोज बाजपेयी की दमदार एक्टिंग इस कहानी में जान फूंकती है, जो दर्शकों को जज़्बातों और रहस्य के सफर पर ले जाती है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, दर्शक खुद को रहस्य, रोमांच और नैतिक दुविधाओं की दुनिया में पाते हैं, जो आखिरी तक उन्हें अपनी सीटों से बांधे रखती हैं।




यह फिल्म अनिश्चितता और खतरे की दिल छू लेने वाली तस्वीर पेश करती है जहां नायक अपनी बेटी को खतरे से बचाते हुए पकड़े जाने से बचने के संघर्ष को दर्शाता है। झारखंड में आदिवासी समुदायों की पृष्ठभूमि पर आधारित 'जोरम' हाशिए पर पड़े लोगों द्वारा झेली जा रही भयानक सच्चाइयों पर प्रकाश डालती है, जिसमें दिल दहला देने वाले रोमांच के साथ समाज का ताना बाना बुना गया है।

एंड एक्सप्लोर एचडी, जो अपने दर्शकों के लिए अनरूटीन, अनएक्सपेक्टेड और अनफॉर्मूला फिल्में पेश करने के लिए जाना जाता है, 'जोरम' के साथ एक और शानदार पेशकश लेकर आया है। ये एक ऐसी फिल्म है जिसने सामाजिक मुद्दों के अपने आकर्षक चित्रण और अपनी मनोरंजक कहानी के लिए व्यापक राष्ट्रीय मान्यता और पहचान हासिल की है। एंड एक्सप्लोर एचडी पर अपने वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ, यह फिल्म व्यापक दर्शकों तक पहुंचने के लिए तैयार है, जो खत्म होने के बाद भी चर्चाओं और विचारों को बढ़ावा देती है।

दमदार एक्टर मनोज बाजपेयी ने कहा, जोरम में काम करना मेरे लिए एक गहरी व्यक्तिगत यात्रा रही है। यह फिल्म हाशिए पर पड़े समुदायों द्वारा झेली जा रही कड़वी सच्चाइयों को बारीकी से दर्शाती है, जो एक छोटे से गांव में मेरी परवरिश से मेल खाती है। मुझे कहानी और किरदारों से गहरा जुड़ाव महसूस हुआ, जिसने मुझे इस प्रोजेक्ट के लिए अपना सब कुछ देने के लिए प्रेरित किया। कमज़ोर और असुरक्षित लोगों के संघर्षों के बेबाक चित्रण के चलते 'जोरम' की ओर मेरा ध्यान गया। एक एक्टर के तौर पर, मुझे इस फिल्म में हाशिए पर पड़े लोगों पर हो रहे अन्याय पर प्रकाश डालने और सिनेमा की ताकत के जरिए उनकी आवाज़ को बुलंद करने का मौका दिखाई दिया। यह एक ऐसी कहानी है जिसे बताया जाना ज़रूरी था, और मुझे गर्व है कि एंड एक्सप्लोर एचडी के ज़रिए दर्शक इसका अनुभव कर पाएंगे!

निर्देशक देवाशीष मखीजा ने कहा, जोरम के ज़रिए हमने उन चीजों को लेकर कुछ मुश्किल सवाल उठाए हैं जिन्हें हम शहरों में अपनी सुविधाजनक ज़िंदगी गुजारते हुए हल्के में लेते हैं। उम्मीद है हमने एक मनोरंजक थ्रिलर के ज़रिए, अपने अस्तित्व और इंसानी हौसले को तलाशने की कोशिश की है। 'जोरम' हमें उस असमानता और अन्याय की याद दिलाना चाहता है जो एक अस्थिर 'विकास' के प्रति हमारे जुनून का नतीजा है। हमें उम्मीद है कि दर्शक हमारी फिल्म से इतने प्रभावित होंगे कि वे बदलाव के पक्ष में आवाज़ उठाएंगे।

देखना न भूलें 'जोरम' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, 22 जून को रात 9 बजे, एंड एक्सप्लोर एचडी पर। देखिए अनिश्चितता के बीच इंसानी हौसले का एक यादगार सफर।

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./12138/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 19-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12138**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652A00020** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **KISHAN LAL SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM PRASAD SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MANDAKNI SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O KISHAN LAL SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **MALBA BIKRINAMA, SAPATH PATRA**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 6 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./12181/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 19-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12181**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652F00888** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MANOJ CHAKRADHARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUNHAR CHAKRADHARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **LALITA CHOUHAN** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O LATE. RAMESH CHOUHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 6 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

### न्यायालय नजूल अधिकारी, रायपुर (छ.ग.)
**// सूचना //**

रा.प्र.क्र. /202309112800046/520/अ-20 (3) वर्ष 2022-23
**श्रीमती श्यामजी बाई पति सत्यपाल छबलानी,**
**पता- रविग्राम कटोरातालाब, रायपुर (छ.ग.)**
**आम जनता बनाम ....आवेदक/आवेदिका**
**....अनावेदकगण**

एतद् द्वारा **लालचंद पिता मोतीराम, निवासी-कटोरातालाब, रायपुर ( छ.ग. )** को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **श्रीमती श्यामली बाई पति सत्यपाल छबलानी,** निवासी- रविग्राम कटोरातालाब रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) की ओर से अधिवक्ता द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 धारा 109, 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा कटोरातालाब स्थित **ब्लॉक नंबर-एफ, प्लॉट नंबर-388/1 रकबा 727 वर्गफुट भूमि** को आवेदिका ने पंजीकृत बैनामा दिनांक **22/11/1988** के माध्यम से विक्रेता/ अनावेदक क्रमांक-01 से क्रय किया है। अतएव आवेदिका द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में लालचंद पिता मोतीराम, निवासी- कटोरातालाब, रायपुर (छ.ग.) की उपस्थिति हेतु प्रकरण नियत है।

अत: इस सूचना के माध्यम से **लालचंद पिता- मोतीराम,** निवासी-कटोरातालाब, रायपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आप स्वत: या किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक **26/06/2024** को कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में दोपहर 12.00 बजे सुनवाई हेतु उपस्थित होकर दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक- **14/06/2024**
पेशी दिनांक- **26/06/2024**

मुहर
**नजूल अधिकारी,**
**रायपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला- रायपुर (छत्तीसगढ़)
**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्रमांक / ब-121 / 2023-24**
**रायपुर, दिनांक 13/06/2024**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी रा0 रायपुर के माध्यम से प्राप्त। **माननीय विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री छ0ग0 शासन श्री राजेश मूणत** विधान सभा क्षेत्र रायपुर पश्चिम 49 के द्वारा कलेक्टर रायपुर जिला रायपुर को पत्र क्रमांक **85/MLA/2024** दिनांक **21/05/2024** पत्र प्रस्तुत किया गया है प्रस्तुत पत्र के अनुसार विधान सभा अंतर्गत दिनांक **19/06/2018** से शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी जिला रायपुर का संचालन शासकीय शशिबाला कन्या उ.मा. विद्यालय में किया जा रहा था इस भवन के जर्जर होने के कारण भवन को डिसमेंटल कर दिया गया है और अस्थायी व्यवस्थापन हेतु **शासकीय दुधाधारी श्री वैष्णव स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय रायपुर** में हो रहा है। महाविद्यालय हेतु रामदरबार कोटा के पीछे शासकीय **भूमि खसरा नंबर 184/1 रकबा 0.6880 हे. भूमि** शासकीय नवीन महाविद्यालय निर्माण के लिए हस्तांतरण/ आबंटन हेतु आवेदन पत्र प्रस्त किया गया है। उक्त भूमि को भू-आबंटन किये जाने के संबंध में जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव आवेदित भूमि का आबंटन किये जाने से जिस किसी को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक **27/06/2024** को इस न्यायालय में पेश करें! बाद मियाँद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **13/06/2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर (छत्तीसगढ़)**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला रायपुर तहसील-**धरसीवा** प.ह.न.-00024 **धनेली** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-**CG-2024-25-109-1-704**

**ईश्तहार**

तहसील धरसीवा के **प.ह.न. 00024** के अंतर्गत ग्राम धनेली के वर्तमान भूमिस्वामी **Vikash Kumar Gupta पिता/पति-Onkar Prasad Gupta पता-t-03, Jeevan Vihar, Telibandha, Raipur C.G.** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **242/117 ( 0.0093 )** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ **क्रेता Aman Agrawal पिता/पति-Govind Agrawal** पता- House No. 5, Sales Tax Colony, Shankar Nagar, Raipur C.G. के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **27/05/2024** को समय **सुबह 11 बजे** स्थान न्यायालय **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **05/05/2024** को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**jayandra singh**
**उप तहसील, धरसीवा**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला रायपुर तहसील-**धरसीवा** प.ह.न.-00024 **धनेली** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-**CG-2024-25-109-1-703**

**ईश्तहार**

तहसील धरसीवा के **प.ह.न. 00024** के अंतर्गत ग्राम धनेली के वर्तमान भूमिस्वामी **Vikash Kumar Gupta पिता/पति-Onkar Prasad Gupta पता-t-03, Jeevan Vihar, Telibandha, Raipur C.G.** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 242/117 (0.0093) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता **Yogesh Kumar Agrawal पिता/पति- Nathu Lal Agrawal** पता- Lal Tanki Road, Near Lal Tanki Chowk, Beed Para, Ward No. 12, Raigarh C.G. के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **27/05/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान- न्यायालय **न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार धरसीवा 04** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **05/05/2024** को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**jayandra singh**
**उप तहसील, धरसीवा**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./12299/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 19-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12299**
**वार्ड का नाम- 61 - श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 61 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR663P00865** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **ANUBHA DUBEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANIL KUMAR DUBEY S/O R.K. DUBEY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. ANUBHA DUBEY 2. NEHA SHARMA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O 1. LATE. ANIL KUMAR DUBEY W/O 2. DIVIJ SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **SAPATH PATRA, SAHMATI PATRA**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 6 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./12311/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 19-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12311**
**वार्ड का नाम- 62 - शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 62 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR654A00050** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **DURGESH SINGH, SHILPA SINGH, MAMTA SINGH, KAVITA SINGH CHOUHAN, RASHMI SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHATRUHAN SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BHUMI ASRANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O MANISH ASRANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 6 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनान्तर्गत, **शंकर नगर,** रायपुर में स्थित **भवन क्रमांक- सी-53, सेक्टर-01, श्रीमती कविता शर्मा पति श्री गोपाल शर्मा** को इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र.-7270 दिनांक **14.12.1993** के माध्यम से आबंटित किया गया है। उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक **24.06.2003** को सेलडीड पंजीकृत करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी **श्रीमती कविता शर्मा पति श्री गोपाल शर्मा,** निवासी- बी-21, गायत्री नगर, अवंति विहार, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन को क्रेता **1. श्रीमती टिंकल चंदानी पति श्री विपुल मंधानी 2. श्री विपुल मंधानी पिता श्री जय प्रकाश मंधानी,** दोनों निवासी- ए-1, गुलमोहर वाटिका, भवानी प्रोविजन के पास, महावीर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र **( एन.ओ.सी. )** प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत **बोरियाकला** रायपुर में निर्मित भवन क्रमांक **बनयान-II/94, ( 1 ) श्री जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. श्री एम.एल. श्रीवास्तव ( 2 ) श्रीमती पूर्वा श्रीवास्तव पति श्री जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, निवासी- मकान नम्बर ए-1009, सृष्टि प्लाजो अवंति विहार, रायपुर ( छ.ग. )** के नाम पर आवासीय भू-खण्ड/भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा नामांतरित है, उक्त भू-खण्ड/भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका **फ्री-होल्ड** संपरिवर्तन किया जाना हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को भू-खण्ड/भवन का **फ्री-होल्ड** किये जाने में किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो इस कार्यलय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर आपत्ति प्रस्तत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.**

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./12040/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 19-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12040**
**वार्ड का नाम- 28 - शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR235I00077** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **HARNAAM DAS, ROHIT PANJWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. PREMCHAND PANJWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री रमेश कुमार रामवाणी** पिता/ पति, श्री/श्रीमती **पिता- श्री पुरूषोत्तम रामवाणी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./12210/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 19-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12210**
**वार्ड का नाम- 36 - हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR436C00184** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **FAYAZUDDIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MO. RAMZAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **शाजदा बानो** पिता/ पति, श्री/श्रीमती **पति- कय्यूम खान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मकान मलबा बिक्रीनामा**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /12284/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 19-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12284**
**वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801Q00203** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JHAGLU RAM YADU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KODAN RAM SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHRAVAN YADU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. JHANGLU RAM YADU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12265/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 19-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12265**
**वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757D00163** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MOIZ SHAIFI S/O HAKIMUDDIN, MOHAMMAD HUSAIN S/O LATE. SHABBIR HUSAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N/A** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती मलेका** पिता/पति, श्री/श्रीमती **गुलाम अब्बास** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12275/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 19-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12275**
**वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757D0163B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MOIZ SHAIFI S/O HAKIMUDDIN, MOHAMMAD HUSAIN S/O LATE. SHABBIR HUSAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N/A** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **अकबर अली** पिता/पति, श्री/श्रीमती **अब्बास भाई** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12261/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 19-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12261**
**वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E0130C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KALIKA PRASAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHANDRIKA PRASAD MISHRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **राजकुमारी मिश्रा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. कालिका प्रसाद मिश्रा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रशीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12320/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 19-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12320**
**वार्ड का नाम- 35 - पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 35 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR224D00207** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AAMNA KHATUN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHER KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **अय्यूब खान** पिता/पति, श्री/श्रीमती **शेर खान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12260/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 19-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12260**
**वार्ड का नाम- 57 - पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447E00413** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VASUDEV BAJAJ** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. JIVAT RAM BAJAJ** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **अमर लालवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **लोकचंद लालवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# जिले में लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ी

## जिले में सिकल सेल और उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की परीक्षण प्रदेश में सर्वाधिक

### प्रधानमंत्री जन आरोग्य के क्लेम रेट में रिकॉर्ड वृद्धि



**महासमुंद(विश्व परिवार)।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में शासन द्वारा वर्तमान योजनाओं के माध्यम से व्यापक सुधार लाने का प्रयास किया गया है जिससे कई स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई देता है। महासमुंद जिले में स्वास्थ्य में सुधार के लिए विशेष प्रयास किए गए है। जहां शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए समन्वय और रणनीति बनाकर कार्य किया गया है। वहीं कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा नियमित समीक्षा से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के साथ संसाधनों का विस्तार किया गया जिससे मरीजों को समुचित उपचार मिल रहा है। जिले में 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का उन्नयन कार्य किया गया है। यहां अब पहले की तुलना में बेहतर आधारभूत संरचनाओं के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित की गई है। कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में जिले में वर्ष 2022-23 में कुल 3,66,801 सिकल सेल परीक्षण किए गए जिसमें 673 सिकल सेल मरीजों की पहचान कर उनमें से 539 मरीजों को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। यह राज्य में जारी सर्वाधिक दिव्यांग प्रमाण पत्र है। साथ ही जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 17.5 लाख रुपए की लागत से इलेक्ट्रोफेरेसिस मशीन प्रदत्त की गई है, जिससे मरीजों का सिकल सेल वाहक (एस.) अथवा ग्रसित (एस.एस.) होने का चिन्हांकन किया जाता है। इस वर्ष श्रवण बाधित बच्चों की पहचान और उनके निदान के लिए विभिन्न गतिविधियों एवं विशेष अभियान चलाया गया। जिसके माध्यम से कुल 690 श्रवण बाधित बच्चों को चिन्हांकित कर 205 पात्र बच्चों/मरीजों को बैटरी सहित श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। श्रवण यंत्र तिवरण के लिए आरबीएसके टीम द्वारा स्कूल व आंगनबाड़ी में संभावित बाधित बच्चों का चिन्हांकन किया गया। साथ ही उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर बुधवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन कर चिन्हांकन किया गया। चिन्हांकन के लिए टीम द्वारा हाट बाजार पहुंचकर परीक्षण किया जाता था व मेडिकल बोर्ड की टीम द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से चिन्हांकन किया गया। जिले के 10 से 49 वर्ष तक की 1,71,343 किशोरियों एवं महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच की गई जिसमें गंभीर बालिकाओं एवं महिलाओं को फॉलो अप किया गया। 7-11 ग्राम रक्त अल्पता वाली किशोरियों व महिलाओं का चिन्हांकन कर महिला एवं बाल विकास विभाग से समन्वय करते हुए विभिन्न योजनाओं के द्वारा उन्हें लाभ प्रदान किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष गतिविधियों के माध्यम से वर्ष 2023-24 में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं में से कुल 4,174 यानि 21 प्रतिशत गर्भावस्था के हाई रिस्क प्रेगनेंसी केस चिन्हांकित किए गए जो कि राज्य में सर्वाधिक है। यह आंकड़ा पिछले सत्र से 5 प्रतिशत अधिक है। मैदानी स्तर पर कार्यरत मितानिन, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला), स्टाफ नर्स एवं ग्रामीण चिकित्सा सहायक का हाई रिस्क प्रेग्नेंसी पर प्रशिक्षण कर उच्च जोखिम प्रकरण पहचानने के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में आवश्यक प्रचार-प्रसार किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पिता नहीं करा रहा था शादी, गुस्से में कर दी हत्या

**कोरबा(विश्व परिवार)।** विवाह कराने में देरी होने से नाराज पुत्र ने अपने पिता की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी। घटना के बाद वह केरल भागने के फिराक में था, पर सूचना मिलने पर पुलिस ने पकड़ लिया। घटना को लेकर ग्राम में सनसनी फैल गई। बालको नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत यह घटना रविवार की रात 11.30 बजे हुई। जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर कोरबा ब्लाक के ग्राम में दिलचंद केंवट 55 वर्ष निवासरत था। उसका पुत्र अशोक केंवट 30 वर्ष केरल में रहकर इलायची के बगीचा में रोजी मजदूरी करता था।बीच-बीच में समय निकालकर वह अपने घर दोंदरो आया करता था। इस बार भी वह पिता के बुलाने पर घर आया था। बताया जा रहा है कि रविवार की रात पिता- पुत्र में विवाह को लेकर काफी विवाद हो गया था, तब पुत्र अशोक ने गुस्से में आकर घर में रखे धारदार टंगिया से पिता पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से चोट लगने पर दिलचंद की स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया और लोगों की भीड़ घटनास्थल पर लग गई। इस बीच किसी ने बालको पुलिस को घटना की जानकारी दी। हत्या की सूचना मिलते ही बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह अपनी टीम के साथ स्थल पर पहुंचे।

### बागबाहरा के केदारनाथ की मौत ऑक्सीजन की कमी से

**बागबाहरा(विश्व परिवार)।** फूलवारी पारा निवासी हेमंत सोनवानी पिता श्री लक्खीराम राम सोनवानी अपने मित्रो के साथ केदारनाथ दर्शन हेतु गए हुए थे उनके साथ गए उनके मित्रो के बताये अनुसार वह मंदिर के पास आक्सीजन की कमी के चलते दिनांक -16/6/2024 को समय करीब संध्या -7.15 को मृत्यु हो गई जिसकी जानकारी खल्लारी की छाया विधायक श्रीमती अलका चंद्राकर को नरेन्द्र बग्गा व बाला चंद्राकर नंदू सोनी संजय मालवे एवं उनके साथियो से प्राप्त हुई इस घटना की जानकारी प्राप्त होते ही श्रीमती अलका चंद्राकर ने तत्काल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री मंत्री जी गृहमंत्री जी विधायक पुरिंदर मिश्र से सम्पर्क कर शव को मंदिर से हेलीकाप्टर की व्यवस्था से नीचे उतरवाकर रूद्र प्रयाग हॉस्पिटल पहुचाये एवं शासन के खर्च से ही उनके शव को एम्बुलेंस सुविधा से बागबाहरा लाया जा रहा इस पूरे कार्य में महासमुंद कलेक्टर प्रभात मालिक की तत्परता संवेदनशीलता तारीफ काबिल रही जिन्होंने मृत हेमंत के शव को बागबाहरा लाने हेतु हर संभव प्रशासनिक मदद किए रुद्रप्रयाग से वहां की व्यवस्था किया गया।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ(विश्व परिवार)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, रायगढ़ के द्वारा शासकीय किरोड़ीमल विज्ञान एवं कला महाविद्यालय में भूमि का पुर्नद्धार, मरूस्थलीकरण और सूखे से निपटने की शक्ति, हमारी भूमि हमारा भविष्य, हम पुर्नद्धार की पीढ़ी है विषय पर महाविद्यालयीन, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं जनसामान्य के साथ पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान इस वर्ष के विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता कक्षा 6 वीं से 9 वीं तक, कविता वाचन प्रतियोगिता कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक, भाषण प्रतियोगिता महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए तथ ईको फ्रैन्डली क्राफ्ट प्रतियोगिता सभी वर्गो के लिए आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ एवं प्राचार्य शास.किरोड़ीमल विज्ञान एवं कला महाविद्यालय, रायगढ़ के द्वारा वैश्विक थीम पर चर्चा करते हुए भूमि बहाली एवं मरूस्थलीकरण एवं सूखे से निपटने हेतु वृक्षारोपण किए जाने पर तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने विचार रखे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हुए प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के आधार पर पुरस्कार पृथक-पृथक वितरण किया गया।

### अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम द्वारा आबकारी वृत्त सांकरा अंतर्गत भानू प्रसाद शर्मा उम्र 60 वर्ष, ग्राम लोहराकोट, थाना-सांकरा के रिहायशी मकान की विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक लीटर क्षमता वाली 07 नग प्लास्टिक बोतल में भरी कुल मात्रा 07 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब, बाजार मूल्य 1400 रुपये को विधिवत आबकारी कब्जा लेकर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया।

# प्रत्येक कार्य कानून के दायरे में रहकर ही किया जाता है- प्रधान जिला न्यायाधीश

**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा सत्येन्द्र कुमार साहू एवं कु. डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा बाल सम्प्रेक्षण गृह रिस्दी कोरबा का आकस्मिक निरीक्षण करते हुये बालको को विधिक जानकारी दिये जाने के प्रयोजनार्थ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश के द्वारा सरल शब्दों में बाल सुधार गृह के बालको को संबोधित करते हुये कहा गया कि यहाँ हमारे लिये अच्छे से टेबल, लगाया गया है टेबल के उस पार आप लोग है और इस पार हम लोग ऐसा क्यों ? ऐसा इसलिये कि हम लोगों ने अच्छे से मेहनत किया, अच्छी पढ़ाई लिखाई किये तभी हम लोग इस जगह पर है, आप लोग जाने-अनजाने में अपराध कर लिये है, जिसका यहाँ पश्चाताप करिये और यहाँ से निकलने के बाद खुब मेहनत किजिये मेहनत करके आप अच्छे से जिन्दगी जी सकते है। किसी भी व्यक्ति के बहकावें में न आये आप लोग कानून के बारे में जानते है अपराध करेंगे तो सजा अवश्य ही मिलेगी, अगर अपराध नहीं किये है तो आप बिल्कुल बच जायेंगे। कोई भी अपराध करता है उसको न्यायाधीश गवाहों के माध्यम से उसका परीक्षण करता है, उसके आधार पर नियमानुसार सजा का प्रावधान होता है, बाल सुधार गृह में आप अपने जीवन को जानने की कोशिश करें कि किस कारण से यहाँ आये है। कानून की जानकारी रखना इसलिये आवश्यक होता है कि प्रत्येक कार्य कानून के दायरे में रहकर ही किया जाता है, कोई शादी करेगा तो वह भी विधि विधान से करेगा, पढ़ाई लिखाई कानून से होती है, हर कार्य कानून से चलता है जो कानून का उल्लघन करता है उसे सजा मिलती है। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के द्वारा बाल सुधार गृह में निरूद्ध बच्चों को उनके खाने का समय, खाने में क्या -क्या मिलता है, बच्चों के पढ़ाई के लिये क्या उन्हें पुस्तक प्रदाय किया जाता है, तथा उनके आवासीय सुविधा की जानकारी लिया गया। कु. डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि बालकों के मौलिक अधिकार के विषय में संविधान में 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिये नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है।

# योग दिवस की तैयारियां को लेकर बैठक हुई संपन्न

### जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल होंगे मुख्य अतिथि

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां आज से प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर रवि साहू ने जिला अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारी को शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। अपर कलेक्टर साहू ने बताया कि पूर्व की भांति ही स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल (हाई स्कूल मैदान) में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमे जिले के प्रभारी एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसडीएम उमेश कुमार साहू होंगे। वहीं कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी धर पंडा तहसीलदार महासमुंद को नियुक्त किया गया है। अन्य विभागों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपर कलेक्टर ने बारिश के मौसम को देखते हुए वाटरप्रूफ मंच बनाने के निर्देश दिए हैं। वहीं बारिश होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। मौके पर पेयजल, मेडिकल, जनरेटर, विघुत, पार्किंग, गद्दा, टाट पट्टी जैसे व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। इसके लिए विभागवार जिम्मेदारी तय कर दी है।

# जिले के सभी 2085 शासकीय स्कूलों में चलाया गया शाला स्वच्छता अभियान

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** शाला प्रवेश उत्सव के पूर्व जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर आज जिले के सभी विकासखंड के शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में शाला स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिले के सभी 2085 स्कूलों में श्रमदान के माध्यम से इस कार्यक्रम का संपादन किया गया। शाला स्वच्छता अभियान में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, स्कूली शिक्षक, विद्यार्थियों के पालक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की दीदियों, ग्रामवासी व अन्य के द्वारा स्वप्रेरणा से श्रमदान का कार्य किया गया। इसी के तहत आज शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में कलेक्टर श्री रोहित व्यास व अन्य ने श्रमदान कर शाला को स्वच्छ बनाने का कार्य किया। विद्यालय परिसर के अंदर कचरों का पृथक्करण किया गया, जिसमें पेड़ एवं पौधों से गिरे सूखे पत्तों को अलग से एकत्र कर उसे नापेड मे डाला गया ताकि उससे निर्मित खाद का उपयोग परिसर के पौधों में खाद के रूप मे किया जा सके। विद्यालय के छत की सफाई भी कि गई ताकि बरसाती पानी का ठहराव छत में ना हो।इसके साथ ही सभी के सहयोग से स्कूल के प्रत्येक कक्ष की सफ़ाई की गई। इस दौरान कलेक्टर एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया गया व उपस्थित जनों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर यहां श्रीमती गीता जयसवाल (जिला पंचायत सदस्य), श्री सत्यनारायण जायसवाल, श्री सीमांचल त्रिपाठी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# कोरबा में डीएमएफसे महिला हितग्राहियों को बंटे 69 लाख 57 हजार के सिलाई मशीन में भ्रष्टाचार के आरोप

### जिला प्रशासन ने लिया संज्ञान, जांच कमेटी गठित

**कोरबा(विश्व परिवार)।** आकांक्षी जिला कोरबा में डीएमएफ के फंड से (हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन) महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने ग्राम पंचायतों में 10-10 सिलाई मशीन वितरण के कार्य में 69 लाख 57 हजार के आबंटन में भ्रष्टाचार के आरोप संबंधी मीडिया में प्रकाशित खबरों से आखिरकार जिला प्रशासन हरकत में आ गया । मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह सचिव प्रबंध कार्यकारिणी जिला खनिज संस्थान न्यास कोरबा ने मामले में जांच कमेटी बैठा दी है।त्रिसदस्यीय जांच कमेटी को 7 दिवस के भीतर आरोपों की जांच कर भौतिक सत्यापन पश्चात अभिमत सहित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है। कमेटी ने जांच शुरू कर दी है । जल्द ही जिम्मेदार नपेंगे । यहां बताना होगा कि आकांक्षी जिला कोरबा में डीएमएफ के फंड से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने ग्राम पंचायतों में 10-10 सिलाई मशीन पात्र हितग्राहियों को बांटा जाना था।जिसमें परित्यक्तता दिव्यांग और विधवा महिलाएं लाभान्वित की जानी थीं,लेकिन बस्तर संभाग की फर्म ने करोड़ों की लागत से कागजों में ही सिलाई मशीन बांट डाली। हितग्राहियों तक यह मशीन पहुंची ही नहीं। अकेले जनपद पंचायत कोरबा क्षेत्र में 69 लाख 57 हजार का भ्रष्टाचार किया गया है। मीडिया में प्रमुखता से खबर प्रकाशन के बाद भ्रष्टाचार की पोल खुलने लगी , हितग्राही महिलाएं शिकायत लेकर सामने आने लगी हैं। पिछले दिनों ग्राम पंचायत कुकरीचोली जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत निवासरत दीपक कुमार कंवर शिकायत लेकर कलेक्टोरेट पहुंची थी, शिकायत पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है था उन्हें खबर के माध्यम से जानकारी मिली कि जिले में डीएमएफ फंड से दिव्यांग, विधवा व परित्यक्तता को स्वरोजगार हेतु सिलाई मशीन का वितरण किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत कुकरीचोली में 10 लोगों को सिलाई मशीन का वितरण किया जाना था, लेकिन मात्र दो लोगों को ही सिलाई मशीन दिया गया है।

# टीएल बैठक में कलेक्टर ने विभागवार योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तार से की समीक्षा

### जनहित के कार्यों को गंभीरता से लेते हुए आम जनों को राहत पहुँचाने के दिए निर्देश

### अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का शासन से प्राप्त नए निर्देशानुसार करें निराकृत: कलेक्टर



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में विभागवार योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रगति,एवं जनहित के महत्वपूर्ण कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आम नागरिकों से जुड़े कार्यो व समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए उन्हें राहत पहुँचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी कोरबा अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, समस्त एसडीएम सहित सभी विभागों में अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी, खाद बीज वितरण, पीएम जनमन योजना सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं, निर्माण कार्यो, अभिलेख शुद्धता, नक्शा बटांकन, आदि राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए टीएल के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित बंटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन के प्रकरण अनावश्यक लंबित नहीं होने चाहिए। कलेक्टर वसंत ने विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों पर चर्चा करते हुए सभी एसडीएम सहित अधिकारियों को फील्ड पर जाकर विभागीय कार्यों तथा निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी जमीनी स्तर से प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिक्रमण पर विशेष नजर रखने एवं जिले में ग्रामीण, शहरी इलाकों में हाल ही में किए गए शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को शीघ्र हटाने हेतु निर्देशित किया। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योग दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले योग शिविर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विभाग प्रमुखों को शिविर में हिस्सा लेने के लिए कहा।

# संपादकीय

## मोदी की पहली विदेश यात्रा सकारात्मक.......

इटली के अपूलिया में संपन्न हुए जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आउटरीच सत्र में वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। इस क्रम में तमाम वैश्विक राजनीतिक हस्तियों से उनका मिलना हुआ। इनमें पोप फ्रांसिस भी शामिल थे, जिन्होंने भरपूर गर्मजोशी से मोदी को गले लगाया और विचार-विमर्श किया। मोदी ने पोप को भारत आने का न्योता भी दिया। भारत में कैथोलिक इसाइयों की संख्या एशिया में दूसरे नंबर पर है। भारत के केरल जैसे राज्यों में ईसाइयों की संख्या खासी है, इसलिए इसे संकेत माना जा रहा है कि मोदी ने भारत की धर्मनिरपेक्ष छवि को दर्शाया है। जी-7 यानी ग्रुप ऑफ सेवन दुनिया केसबसे अमीर और खुद को अत्याधुनिक मानने वाले मुल्कों की संस्था है। कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, ब्रिटेन, अमेरिका और जापान ये सात देश हैं। इनकी ग्लोबल ट्रेड और वैश्विक वित्त पण्राली पर खासी पकड़ है। इस बार ये सब आर्थिक सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे मुद्दों को लेकर विमर्श कर रहे थे। चूंकि भारत विकसित होती अर्थव्यवस्था है, इसलिए वे उसके सहयोग और लाभ की साझेदारी पर काम करने को इच्छुक हैं। इस सम्मेलन में दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका के साथ भारत प्रशांत क्षेत्र के बारह विकासशील देशों के नेताओं को इसी खास मकसद से आमंत्रित किया गया था। माना जा रहा है कि जी-7 देश चीन और रूस की बढ़ती आर्थिक ताकत को लेकर चिंतित हैं। इस मौके का फायदा उठाने में मोदी सफल होते नजर आ रहे हैं। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के प्रति सरकार की जिम्मेदारी को भी मदद मिलने की उम्मीद है। इस मसले पर बनने वाले अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों द्वारा देश में बढ़ रहे साइबर क्राइम पर सख्ती की जा सकेगी। हालांकि यह कहना गलत नहीं है कि इस गुट के पास ऐसे कोई अधिकार नहीं हैं, जिनके बल पर कोई भी निर्णय जबरन लागू कराया जा सके, मगर भारत को इन देशों से जो सहयोग और लाभ मिल सकते हैं, उनके प्रति यदि मोदी सफल होते नजर आते हैं तो यह देश के भविष्य के लिए बेहतर करने का घटनाक्रम ही कहा जाएगा।

# योगम् शरणम् गच्छामि! योग: एक वैश्विक अनिवार्यता

जितेन्द्र फौजदार



आधुनिकता की अंधी दौड़ में हमने जितनी खराबियां बटोरी हैं उस कारण मानवी मन मस्तिष्क के सम्मुख आज अनेक समस्याएं तथा चुनौतियां उपस्थित हुई हैं।खासकर पाश्चात्य जीवन शैली और रहन सहन ने मानव को मानसिक तनाव एवं अंतहीन पीड़ा के दलदल में धकेला है।इसके साथ ही तकनीकी प्रगति के भयावह जानलेवा वेग के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना मानवी शरीर और मन के लिए असक्त प्राय: हो गया है । इन सबका परिणाम हम सबके सामने है। हम चिड़चिड़ेपन, क्रोध, हिंसा, तिरस्कार, द्वेष, हताशा, निराशा, घृणा, कुंठा आदि से जनित मनस्थितियों से ग्रसित हो गये हैं । मजहबी कट्टरता के कारण सर्वत्र हिंसा दिखायी देती है ।मनोजन्य दैहिक बीमारियों से मुक्त होने के लिए योग किस प्रकार प्रासंगिक ही नहीं अनिवार्य भी हैं । योग वैश्विक तनाव को दूर करने का सहज विज्ञान है।योग युवाओं को हिंसा से दूर रखेगा । योग को सिर्फ आसन समझना नासमझी ही होगी ।साँस के आने जाने का क्रम सबके लिए है । सूरज की गर्मी सबके लिए है।वृक्षों से मिलने वाला आक्सीजन सबके लिए है । तन मन को स्वस्थ एवं शांत रखना सबके लिए आवश्यक है । योग सबको जोड़ता है । योग अपने भीतर झांकने,विराट वैश्विक चेतना को अनुभव करने की खिड़की खोलता है ।योग संवाद है अंतस चेतना से । 21 जून यदि सारी दुनिया के लिए अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस है तो इसके मायने भारत के लिए केवल रस्मी आयोजन से कहीं ज्यादा हैं । योग दिवस के जरिये सारी दुनिया ऐसी शुरुआत कर रही है जो हमारे मनीषियों की 'सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे संतु निरामया' के सूत्र की वैश्विक पुष्टि ही है । योग



सनातन धर्म से उपजा है । योग विश्व को भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार है। यह उन मान्यताओं और पद्धतियों पर दृढ़ता और पारदर्शिता से कदम बढ़ाने का अवसर है जिसका अर्थ दुनिया तो समझ रही है लेकिन हम भुला बैठे हैं । योग व्यक्तिगत उन्नति का एक साधन तक सीमित न होकर समूची मानवता और आगे चलकर समस्त सृष्टि व्यापी बना है । इसकी स्वाभाविक अंतिम परिणिति सकल विश्व के कल्याण के लिए है।यही भाव 'आत्मनो मोक्षार्थं जगद्हिताय च' इस उक्ति में व्यक्त हुई है । योग हमारी प्राचीन संस्कृति से जुड़ा है । सृष्टि के आदिकाल से ही योग की उपस्थिति मानी गयी है ।भगवान शिव को योग का आदि देवता माना गया है ।योग भारत की प्राचीन विधा है।वेदों और उपनिषदों में योग का वर्णन है । गीता के बड़े भाग में योग की उपस्थिति है।योग: कर्मशु कौशलम्,(कर्मों की कुशलता ही योग है) गीता,समत्वं योग उच्यते(समत्व दृष्टिकोण ही योग है) गीता,मन: प्रशनम् योग:(मन की शांत अवस्था ही योग है) योग वशिष्ठ, योग: चित्तवृत्ति निरोध:(चित्तवृत्तियों का नियंत्रण ही योग है) पतंजलि सूत्र,इसी तरह ज्ञान को मुक्ति का योग बनाना ज्ञान योग ,भक्ति के द्वारा मुक्ति भक्तियोग,कर्म की प्रधानता द्वारा मुक्ति कर्मयोग है । आज योग का जो स्वरूप देश और दुनिया में बहुतायत से प्रचलित है उसका श्रेय जाता है आचार्य पतञ्जलि को। उन्होंने ही सबसे पहले योग विद्या को व्यवस्थित रूप दिया । भारतीय राष्ट्र जीवन में योग की सघन उपस्थिति है ।योग की उत्पत्ति संस्कृत के 'युज' से हुई है ।योग के दो अर्थ हैं ।जिसका पहला है अर्थ जोड़ना या जुड़ जाना तथा दूसरा है समाधि । जब तक हम स्वयं से नहीं जुड़ते समाधि तक पहुंचना असंभव है। योग का यही तो मूलाधार है कि जीवन भी उत्सव और मृत्यु भी उत्सव है ।योग विशुद्ध विज्ञान है जो समस्त मानव जाति के लिए है । योग तुम्हारे समग्र अस्तित्व से, तुम्हारी जड़ों से सम्बंधित है । योग अंतस की नव लयबद्धता है ।योग दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है ।योग का अभ्यास चित्त के स्वकेंद्रित भावों को उदार बनाता है और निजता के भाव का शमन कर समग्रता की ओर यानी व्यष्टि से समष्टि की ओर अग्रसर करता है । शरीर ,मन,बुद्धि और आत्मा में संतुलन है योग ।धर्म,अर्थ,काम और मोक्ष इन चारों का समुच्चय कर मनुष्यत्व से देवत्व और देवत्व से ईश्वरत्व की यात्रा योग है । योग साधारण व्यायाम नही है बल्कि योग का एक सामाजिक -सांस्कृतिक आयाम भी है।यह जीवन को रूपांतरित कर देता है । योग के सूत्र अद्भुत हैं। व्यक्ति को परमात्मा और प्रकृति से जोड़ने वाला यह एक ऐसा समीकरण है जो व्याधि और चिंताओं से मुक्ति की राह दिखाता है । और बताता है कि आनंद का स्रोत हमारे भीतर ही कहीं है।शुरुआत बेशक शरीर के तल से होती है लेकिन प्राण ऊर्जा के प्रसार के साथ यह जीवन के तमाम पहलुओं को निखारता है।व्यायाम में ऊर्जा का उपयोग होता है ।योग में ऊर्जा प्राप्त होती है।योग परिपूर्ण आनंद का भौतिक विज्ञान है । योग परम् स्वास्थ्य विज्ञान है और अनंत का दर्शन।अस्तित्व असीम और अनंत है । हम सब इकाई हैं और अस्तित्व सम्पूर्ण।इकाई होना दु:ख है।और अनंत होना आनंद । योग इकाई में अनंत की अनुभूति है । मानव की समस्त क्रियाओं का उद्देश्य एक ही सुख या आनंद की प्राप्ति।विचार करें तो सम्पूर्ण सृष्टि ही आनंदमय है । सम्पूर्ण चराचर सृष्टि में एक ही आनंद का नाद गुंजायमान है।उस परम् चेतना का पर्याय है योग । कैवल्य प्राप्ति का माध्यम है योग। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने की मूल वजह है कि इस दिन ग्रीष्म संक्रान्ति होती है। इस दिन से सूर्य की गति की दिशा उत्तर से दक्षिण की ओर हो जाती है। यानी सूर्य जो अब तक उत्तरी गोलार्ध के सामने था इस दिन से दक्षिणी गोलार्ध की ओर बढ़ने लगता है । योग की दृष्टि से यह संक्रमण काल का रूपांतरण के रूप में काफी उत्तम है। आज दुनिया योग के नाम को सार्थक करने जुड़ रही है । भारत की आध्यात्मिक परंपरा से उपजा योग दुनिया को संतुलित जीवन की राह दिखा रहा है।आज पूरा विश्व योग की शरण में आ रहा है।आइये हम उन सब अच्छी बातों के लिए एक हो जायें और मिलकर कदम बढ़ायें जिन बातों से हम सबका,पूरे संसार का भला है ।

## विशेष लेख

# विपक्ष नदारद था

अजय तिवारी

नौ जून को सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विदेशी मेहमान (पड़ोसी देशों के प्रमुख), फिल्मी मेहमान, कारोबारी मेहमान सब थे, लेकिन देश का विपक्ष नदारद था। राष्ट्रपति भवन के मैदान में हुए बड़े जलसे में देश-विदेश से 8000 से ज्यादा मेहमान बुलाए गए थे। विपक्ष को सम्मानपूर्वक आमंत्रित नहीं किया गया, इसलिए वहां देश की प्रमुख नेता सोनिया गांधी और शरद पवार नहीं दिखे। वाम राजनीति के बड़े चेहरे सीताराम येचुरी और डी राजा भी नहीं थे। जम्मू कश्मीर के बड़े नेता फारुख अब्दुल्ला और लोक सभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता अखिलेश यादव भी नहीं पहुंचे। न पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और न तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन नजर आए। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखिवंदर सिंह सुक्खू, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अनुपस्थिति भी खल रही थी। ये सभी देश के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व करते हैं। विदेशी मेहमान विपक्षी नेताओं से भी परिचित हैं, इसलिए स्वाभाविक है उनके मन में भी यह सवाल आया होगा कि देश की सरकार बनने जैसे खास मौके पर विपक्ष क्यों उपस्थित नहीं रहा? इसे किस तरह से लिया होगा कहने की जरूरत नहीं है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मिलने जब सोनिया गांधी का परिवार गया होगा तब अन्य बातों के साथ विदेशी मेहमान ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से उनके सरकार के साथ रिश्तों पर भी बात की होगी। विपक्ष का कहना है कि उसे शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित ही नहीं किया गया था। विपक्ष के सांसदों की भी ऐसे ही शिकायत थी। विपक्ष सच बोल रहा है अथवा झूठ यह तो वह जानता है या फिर सरकार। हालांकि यह भी सच है कि विपक्ष के आरोपों का सरकार ने कोई खंडन नहीं किया। सत्ताधारी दल के कार्यकर्ताओं को शपथ ग्रहण समारोह के आमंतण्रपत्र पार्टी दफ्तर से लेने में कोई दिक्कत नहीं आई। यहां यह स्पष्ट कर देना जरूरी है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जो राज्य सभा में विपक्ष के भी नेता हैं सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। बेमन से राष्ट्रपति भवन पहुंचे खरगे ने कहा कि वह संवैधानिक बाध्यता की वजह से यहां हैं, अपनी खुशी से नहीं। खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट करके उनको बधाई दी अथवा नहीं, इसकी जानकारी दोनों नेताओं ने नहीं दी। सरकार बनने के बाद शिष्टाचारवश भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता नहीं मिले। विपक्षी नेताओं ने सोशल मीडिया पर भी सरकार को बधाई देने में संकोच किया। पुरानी परंपराएं टूटने लगी है। संसदीय कार्य मंत्री और वरिष्ठ मंत्रियों ने सबसे बड़े विपक्षी दल के नेताओं से भी मुलाकात नहीं की। संसद के भीतर कानून सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सांसदों को मिलकर बनाना है इसलिए उनके बीच दुआ-सलाम तो हर हाल में बनी ही रहनी चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच रिश्तों में खिंचाव का असर गठबंधन सरकार और संसद पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा। नई लोक सभा के अध्यक्ष का 26 जून को चुनाव होना है। लोक सभा का अध्यक्ष निर्विरोध चुनवाने के लिए सरकार को विपक्ष की मदद की जरूरत होगी। चूंकि दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं है इसलिए इसमें कठिनाई जाएगी। विपक्ष दो ही स्थिति में सरकार को सहयोग कर सकता है। या तो सरकार विपक्ष को उपाध्यक्ष का पद देने का प्रस्ताव करे अथवा ऐसे सांसद को लोक सभा अध्यक्ष का उम्मीदवार बनाए जो सर्वमान्य हो। कारपोरेट नहीं कोऑपरेटिव वाली गठबंधन सरकार जिन क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाना चाहती है उनमें से एक क्षेत्र है सहकारिता। इसके जरिए सरकार यह धारणा भी बनाना चाहती है कि वह कारपोरेट को नहीं कोऑपरेटिव (सहकारिता) को बढ़ावा दे रही है। सरकार प्राय- सभी क्षेत्र कोऑपरेटिव के लिए खोलना चाहती है। पेट्रोल पम्प और दवाओं की बिक्री जैसे उपक्रम पिछले कार्यकाल में उसने कोऑपरेटिव संस्थाओं को दिए थे। सरकार कोऑपरेटिव संस्थाओं में दशकों से जमे नेताओं को भी हिलाना चाहती है। इसीलिए कोऑपरेटिव संस्थाओं में चुनाव के लिए चुनाव आयोग जैसी संस्था बनाने का प्रस्ताव है। सरकार पहले ही सारी कोऑपरेटिव संस्थाओं का डेटा तैयार करवा चुकी है, संस्थाओं को कंप्यूटराइजेशन के लिए भी सख्ती से बाध्य किया गया है। सहकारिता मंत्रालय गृह मंत्री अमित शाह के पास होने से कोऑपरेटिव की सारी बड़ी संस्थाएं चाहे वह अमूल हो या इफको सब सहयोग कर रही हैं। कृषि क्षेत्र सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है क्योंकि किसानों का विश्वास सरकार पर नहीं है। सरकार ने पुराने वादे पूरे नहीं किए हैं ।

# उम्मीदवारों का चयन सही साबित हुए

रजनीश कपूर

अचानक कहीं कुछ नहीं होता, अंदर ही अंदर कुछ घिस रहा होता है, कुछ पिस रहा होता है।' इन पंक्तियों में कवि ने इस बात पर इशारा किया है कि किसी भी काम का विपरीत अंजाम आने पर हमें ऐसा क्यों लगता है कि ऐसा कैसे हो गया? जबकि उसके पीछे के कारणों पर कोई ध्यान नहीं देता। ऐसा ही कुछ हुआ 2024 के उत्तर प्रदेश में लोक सभा चुनाव परिणाम के बाद। यहां बीजेपी को पहले के मुकाबले इस बार बहुत कम सीटें मिलीं। ऐसा क्या कारण था कि भाजपा का प्रदर्शन इतना बुरा रहा? अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण। अनुच्छेद 370 का हटाना। तीन तलाक को खत्म करना। ये ऐसे कुछ मुद्दे थे जिन पर भाजपा को पूरा विश्वास था कि वह 'अबकी बार 400 पार' के अपने नारे को सच कर दिखाएंगे, परंतु ऐसा न हो सका। ऐसा माना जाता है कि दिल्ली की गद्दी का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। इस बार के चुनाव में उत्तर प्रदेश का जो परिणाम रहा उसने सत्तारूढ़ दल को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि ऐसी कौन सी कमी उनकी नीति में थी जो वोटरों को अपनी ओर आकर्षित करने में विफल रही? ऐसा क्या हुआ कि पार्टी कार्यकर्ताओं में वो उत्साह नहीं था जो पिछले दो लोक सभा चुनावों में देखा गया? क्या संगठन के काम करने के ढंग या उनके द्वारा लिये गए गलत फैसलों ने जमीनी कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित किया? क्या उत्तर प्रदेश में या अन्य राज्यों में, जहां भाजपा का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था वहां पर उम्मीदवारों के चयन में गलती हुई? हिंदुओं के लिए पूजनीय अयोध्या, रामेरम में मिली हार और प्रधानमंत्री को वाराणसी में पिछली बार के मुकाबले बहुत कम अंतर से मिली जीत भी सवालों के घेरे में है। इन नतीजों के बाद सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का 'अहंकार' की ओर इशारा करना भी क्या इस बुरे प्रदर्शन का कारण बना? सूत्रों के अनुसार इस बार के चुनाव में कम सीट आने के पीछे भाजपा में अंदरूनी कलह ने भी एक बड़ी भूमिका निभाई। जिस तरह केंद्र के नेतृत्व द्वारा राज्य की सरकारों व राज्यों के नेताओं की उपेक्षा की गई और वो फिर जनता के सामने आई वह भी इन नतीजों का कारण बनी। भाजपा और संघ के बीच हुए मतभेदों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि केंद्र और राज्य के नेतृत्व में कोई मतभेद थे तो उन्हें समय रहते एक मर्यादा के तहत हल किया जाना चाहिए था। भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं का इस बार के चुनावों में सक्रिय योगदान नहीं दिखाई दिया उससे देश भर में एक संदेश गया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व जमीन से कट गया है। इस बार के चुनाव को इतने चरणों में बांटने से भी कार्यकर्ताओं की सहभागिता में कमी नजर आई। कार्यकर्ताओं को इस बात का पूर्ण विश्वास था कि पिछले दस वर्षो में देश में ऐसे कई बदलाव आए हैं, जो तीसरी बार भी मोदी सरकार को पूर्ण बहुमत दिलाएंगे। इसी के चलते भी कार्यकर्ताओं में उतना उत्साह दिखाई नहीं दिया। वहीं दूसरी ओर देखें तो समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और उनके कार्यकर्ताओं ने जिस तरह उत्तर प्रदेश के चप्पे-चप्पे पर अपनी नजर बनाए रखी और भागदौड़ की वो काफी फायदेमंद रहा। सपा के उम्मीदवारों का चयन और 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों का उन पर भरोसा, दोनों ही इन चुनावों में सही साबित हुए। यदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता इसी ऊर्जा और रणनीति से अभी से जुटे रहेंगे तो 2027 के विधान सभा चुनावों में भी उनका प्रदशर्न बढ़िया रहेगा। उत्तर प्रदेश के अगले विधान सभा चुनाव में यदि सही रणनीति और सही उम्मीदवारों का चयन हो, यदि वहां की जनता की समस्याओं के समाधान की एक ठोस योजना हो तो उन मतों को भी अपने पाले में लाया जा सकता है जो बुनियादी मुद्दों से भटका दिये गए हैं। इतना ही नहीं, जिस तरह समाजवादी पार्टी को एक विशेष वर्ग के लोगों की पार्टी माना जाता था, उसका भी भ्रम इस बार के चुनावों में टूटा है। सभी हिंदू तीर्थ स्थलों में सपा ने भाजपा को शिकस्त दी है। समाजवादी पार्टी ने जिस तरह 'एम-वाई' फैक्टर को नए रूप में पेश किया वह भी काम कर गया है। जिस तरह भाजपा हर समय चुनावी मूड में रहती है यदि विपक्षी पार्टियां भी उसी मूड में रहें तो भाजपा को कड़ी टक्कर दे पाएंगी। इसके साथ ही सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को ही इस बात पर भी तैयार रहना चाहिए कि यदि किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता है तो गठबंधन की सरकार ही विकल्प होता है। यदि कोई भी दल इस अहंकार में रहे कि वो एक बड़ा और प्रभावशाली राजनैतिक दल है और विपक्ष दशर्क दीर्घा में बैठने के लिए है तो फिर उसे तब झटका लगेगा ही जब उसे सरकार बनाने के लिए अन्य दलों के आगे झुकना पड़ेगा। हर दल को जनता के फैसले का सम्मान करना चाहिए। गठबंधन की सरकार में हर वो दल जिसके पास अच्छी संख्या हो वह किसी न किसी बात पर उखड़ भी सकता है। इसलिए भलाई इसी में है कि अपनी गलतियों से सबक लिया जाए और 'सबका साथ और सबका विकास' अमल में लाया जाए।

# जम्मू-कश्मीर की आगे की राह...

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

मतदाताओं ने मजहबी भेदभाव की ये दीवारें तोड़ कर सैयदा के मुकाबले एक गुज्जर को और सुन्नी के मुकाबले एक शिया को भारी बहुमत से जिता दिया। जम्मू कश्मीर के दोनों राज परिवार ध्वस्त हो गए। शेख अब्दुल्ला परिवार और मुफ्ती परिवार का कोई भी सदस्य लोकसभा में नहीं होगा जम्मू कश्मीर विधानसभा के लिए चुनाव सितम्बर 2024 तक सम्पन्न हो जाएंगे, ऐसा उच्चतम न्यायालय के फैसले से ही स्पष्ट हो गया था। इसके लिए चुनाव आयोग ने तैयारियां भी प्रारम्भ कर दी हैं। राज्य में हवा का रुख क्या है, इसका थोड़ा बहुत संकेत लोकसभा के लिए हुए चुनाव परिणाम से भी मिल ही जाता है। वैसे हवा का रुख कब बदल जाए, इसका अन्दाजा तो मौसम विज्ञानी भी नहीं लगा पाते। लोकसभा में जम्मू कश्मीर की पांच सीटें हैं। इनमें से जम्मू और ऊधमपुर तो जम्मू संभाग में आती हैं और श्रीनगर व बारामूला कश्मीर संभाग में आती हैं। तीसरी सीट अनंतनाग-राजौरी है जो जम्मू और कश्मीर दोनों संभागों में बंटी हुई है। जम्मू संभाग की दोनों सीटें भाजपा ने लगातार तीसरी बार जीत ली हैं। लेकिन कश्मीर संभाग की दोनों सीटों के चुनाव परिणाम चौंकाने वाले ही कहे जाएंगे। वैसे श्रीनगर, बारामूला और अनन्तनाग की तीनों सीटों पर पहली बार कुल मिला कर 50.86 फीसदी मतदान हुआ। 2019 में यह मतदान 19 फीसदी के आसपास था। सबसे पहले श्रीनगर सीट की बात ही की जाए। इस सीट में श्रीनगर के अतिरिक्त बडगाम, गांदरबल, पुलवामा और शोपियां जिले शामिल हैं। यह सीट शेख मोहम्मद अब्दुल्ला परिवार का अभेद्य किला मानी जाती थी। इस सीट पर अब तक हुए तेरह चुनावों में से दस बार नेशनल कान्फ्रेंस को ही जीत मिली है। यहां से फारूक अब्दुल्ला, उनके माता जी बेगम अकबर जहां अब्दुल्ला और उनके पुत्र उमर अब्दुल्ला बार बार जीतते रहे हैं। लेकिन इस



बार अब्दुल्ला परिवार की ओर से इस सीट पर कोई मैदान में नहीं था। नेशनल कान्फ्रेंस की ओर से शिया पंथ से ताल्लुक रखने वाले बडगाम के युवा नेता आगा रुहुल्लाह मेहदी को मैदान में उतारा था। रुहुल्लाह के पिता की हत्या आतंकवादियों ने 2000 में गुटों की भीतरी कलह के चलते कर दी थी। मेहदी का मुकाबला इस बार पीडीपी के वहीदुर रहमान पारा और अपनी पार्टी के मोहम्मद अशरफ मीर से था। भारतीय जनता पार्टी का कोई प्रत्याशी नहीं था, लेकिन पार्टी परोक्ष रूप से अपनी पार्टी के पक्ष में दिखाई दे रही थी। जहां तक मतदान का सवाल है, श्रीनगर सीट पर 1996 में 40.94 फीसदी मतदान हुआ था, जो 2019 तक आते आते 14.43 फीसदी पर सिमट गया था। कहा यह भी जाता है कि यहां के राजनीतिक दल ज्यादा पैसा इस बात पर खर्च करते थे कि मतदान का बायकाट करवा दिया जाए, ताकि केवल कुछ हजार वोट से ही लोकसभा पहुंचा जा सके। लेकिन इस बार इस सीट पर 38 फीसदी से भी ज्यादा मतदान हुआ। नेशनल कान्फ्रेंस के रुहुल्लाह मेहदी को 3.56 लाख (52.8 फीसदी) वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी पीडीपी के प्रत्याशी को 1.68 लाख (24.9 फीसदी) वोट मिले। अपनी पार्टी के मोहम्मद अशरफ मीर को मात्र 65954 वोट मिले। गुलाम नबी आजाद ने अपनी अलग डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी बना कर अपना प्रत्याशी भी मैदान में उतारा था, लेकिन वह 15104 वोट ही ले पाया। यह भी पहली बार ही हुआ है कि श्रीनगर से कोई शिया पंथ का प्रत्याशी लोकसभा पहुंचा हो। बारामूला लोकसभा क्षेत्र की कहानी इससे भी ज्यादा दिलचस्प है। यहां 58.17 फीसदीमतदान हुआ जो राज्य में सबसे ज्यादा मतदान का रिकार्ड है। यहां नेशनल कान्फ्रेंस के शाही परिवार के वारिस उमर अब्दुल्ला को एक आजाद उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख ने बुरी तरह पराजित किया। रशीद को 472481 (45.7 फीसदी) वोट मिले जबकि उमर अब्दुल्ला को 268339 (25.95 फीसदी) से ही संतोष करना पड़ा। पीपुल्स कान्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन को 173239 (16.76 फीसदी) वोट मिले। कहा जाता है कि लोन की सहायता भारतीय जनता पार्टी भी कर रही थी। पीडीपी का प्रत्याशी तो कुल मिलाकर 27488 पर ही सिमट गया। जीतने वाला प्रत्याशी रशीद पिछले पांच साल से धन संबंधी मामलों के हेरफेर के चलते जेल में बंद है। रशीद पहले सज्जाद गनी लोन की पीपुल्स कान्फ्रेंस में ही था, लेकिन उसने बाद में अपनी अवामी इत्तिहाद पार्टी बना ली थी। अनन्तनाग-राजौरी सीट कश्मीर और जम्मू संभाग की सांझी सीट है। बारामूला सीट ने पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को ठिकाने लगाया, तो अनन्तनाग ने दूसरी पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को धूल चटा दी। इस सीट पर मुख्य लड़ाई नेशनल कान्फ्रेंस के मियां अलताफ अहमद और पीडीपी की महबूबा मुफ्ती के बीच थी। मियां जी को 521836 वोट मिले और महबूबा मुफ्ती को 240042 वोट हासिल हुए। अपनी पार्टी के मिनहास को 42195 और गुलाम नबी आजाद की आजाद पार्टी को 25561 वोट मिले। कुल मिला कर इस सीट पर 53 फीसदी मतदान हुआ जो अब तक का रिकार्ड मतदान है। मियां अलताफअहमद घाटी की सूफी परम्परा के एक सिलसिले से ताल्लुक रखते हैं। वे घाटी में इस सिलसिले के मुखिया कहे जा सकते हैं, जो उनके खानदान में पीढ़ी दर पीढ़ी चला आ रहा है। जब 1931 में शेख मोहम्मद अब्दुल्ला ने घाटी में मुस्लिम कान्फ्रेंस शुरू की थी तभी मियां अलताफ अहमद के दादा मियां निजामुद्दीन ने भी कश्मीर घाटी में गुज्जर-जाट कान्फ्रेंस का गठन किया था। इस सीट पर लड़ाई ने एटीएम बनाम डीएम का रूप ही ले लिया था। जहां तक जम्मू संभाग की दो सीटों जम्मू और ऊधमपुर का ताल्लुक है, इन दोनों सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल कर ली है। इन दोनों सीटों पर न तो पीडीपी ने और न ही नेशनल कान्फ्रेंस ने अपने प्रत्याशी खड़े किए थे। ये दोनों पार्टियां अपने आप को इंडी गठबंधन का हिस्सा ही मानती हैं, इसलिए वे मिल कर इन दो सीटों पर कांग्रेस का ही समर्थन कर रही थीं। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस जीत के आसपास भी नहीं पहुंच सकी। ऊधमपुर से भाजपा के डा. जतिन्द्र सिंह को 571076 वोट मिले और कांग्रेस के चौधरी लाल सिंह को 446703 वोट मिले।

## संक्षिप्त समाचार

### 21 जून को आयोजित भावना योग में विदिशा से सैकड़ों की संख्या में लोग होंगे शामिल

**विदिशा ( विश्व परिवार )।** 21 जून सुक्रवार को भोपाल के टी.टी.नगर स्टेडियम में भावनायोग प्रात:6 बजे से संत शिरोमणि





आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज स संघ के सानिध्य में प्रारंभ होगा। जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया उपरोक्त भावनायोग को मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज कयी वर्षों से कराते चले आ रहे है इस भावनायोग से कयी लोगों को जटिल रोगों से मुक्ति मिली है एवं कयी मानसिक रुप से असाध्य रोग भी ठीक हो गये है। तन को स्वस्थ मन को मस्त तथा आत्मा को पवित्र बनाने बाला यह योग सभी के लिये है वह फिर किसी भी जाति या धर्म से सम्वंधित हो, उपरोक्त कार्यक्रम पारस टी.व्ही चैनल के माध्यम से लाईव प्रात:6 बजे से शुरु होगा जो लोग भोपाल नहीं पहुच पा रहे है वह सभी अपने अपने घरों पर भी चैनल के माध्यम से घर बैठे लाभ उठा सकते है। -**अविनाश जैन**

### 'बुन्देलखण्ड दिवस' 25 जून को मनाया जाएगा

**भोपाल ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में प्रति वर्ष की भॉंति इस वर्ष भी 25 जून 2024 मंगलवार को देश भर में विशेषतौर से म.प्र. और उ.प्र. के बुन्देलखण्ड के प्रत्येक नगर में 'बुन्देलखण्ड दिवस' मनाया जायेगा। मुख्य रुप से वृहद स्तर पर भोपाल में भव्य समारोह मनाया जा रहा है। इसमें दो सत्रों मे बुंदेली साहित्य पर आलेख पाठ और बुन्देली कवि सम्मेलन, लोक नृत्य, सह भोज आदि, न्यू मार्केट स्थित एपेक्स बेंक के सभागृह में सवेरे 10 बजे से आयोजित किये जायेगे। हमारे प्रतिनिधि को संस्था के सचिव हेमन्त तैलंग ने बताया कि 25 जून को परिषद के स्थापना दिवस के साथ संस्थापक व 'बुंदेल षिरोमणि' पद्म श्री कैलाश मड़बैया के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बुन्देलखण्ड दिवस मनाये जाने की सतत परम्परा है।

### भीमसनी एकादशी के साथ धान बुवाई की शुरुआत

**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** अंचल में आज से किसानों ने अपने खेतों की पुर्व से जुताई करने के बाद धान की बुवाई कार्य



प्रारंभ कर दिए हैं। बताना जरूरी है कि परम्परानुसार किसानों के द्वारा भीमसनी एकादशी के साथ खरीफ फसल के लिए धान की बुवाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। हालांकि मौसम विभाग के पुर्वानुमान के विपरित मानसुन की देरी और विकराल गर्मी के बावजूद बगैर बारिश के छग के किसान अपने साल भर की कमाई में जूट गए हैं। जौन्दी के किसान टीकम चन्द साहू ने बताया कि कि बीच में नवतपा के पहले और पंचक के समय कुछ अच्छी बारिश हो गई थी जिससे हमने अपने खेतों की अच्छी जुताई करवा लिए थे और अब धान की खुर्रा बुवाई आज भीमसनी एकादशी के साथ स्टार्ट कर दिए। अब बारिश का इन्तजार रहेगा और पानी गिरते ही धान जगने लगेगा। जिस किसानों के पास ट्यूब वेल है वे तरहां दे रहे हैं जिनकी रूपाई समय होने पर महिने भर के अन्दर कर दी जाएगी।

### धोबी समाज के महाधिवेशन की तैयारी जोरो पर, पदाधिकारी पृथक पृथक ले रहे हैं बैठक

**गोबरा नवापारा ( विश्व परिवार )।** ईडन गार्डन रायगढ़ में आयोजित धोबी समाज के महाधिवेशन रजक महोत्सव की तैयारी में समाज के पदाधिकारी पूरी तरह से जुड़ गए हैं और पृथक पृथक बैठक लेकर आयोजन के प्रति समाज जनों को जागृत कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्रिंट मीडिया में भी समाचार प्रकाशित करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी, सांसद राधेश्याम राठिया के सहमति के बाद राज्यसभा सदस्य सान्सद देवेंद्र प्रताप सिंह ने भी आमंत्रण स्वीकार कर सहमति प्रदान की है। राजधानी से सामाजिक बस में प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के निवास दूधाधारी मठपारा से 19 जून को शाम 6 बजे से समाज के लोग रवाना होंगे जिसको पार्षद मनोज वर्मा हरी झंडी दिखाएंगे। समाज के लोग लोग मंदिर करते हुए चंद्रहासिनी माता मंदिर का दर्शन प्रात: दर्शन करेंगे तत्पश्चात सम्मेलन स्थल ईडन गार्डन रायगढ़ जाएंगे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज का मिलेगा सानिध्य, कार्यक्रम के पूर्व आयोजित हुई प्रेस वार्ता

### टीटी नगर स्टेडियम में होगा भव्य ऐतिहासिक आयोजन

### समस्त जैन-जैनेत्तर समाज के लोग होंगे शामिल




**भोपाल ( विश्व परिवार )।** तात्या टोपे नगर स्टेडियम में 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले ऐतिहासिक भावना योग कार्यक्रम के परप्रेक्ष्य में टीन शेड दिगम्बर जैन मंदिर में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। उक्त प्रेस वार्ता में परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, गुणायतन प्रेरणा, भावना योग प्रवर्तक, शंका समाधान जनक, मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज ससंघ का पावन मंगल सानिध्य प्राप्त हुआ। मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज जी ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन दिए तथा भावना योग के महत्व को भोपाल शहर के प्रिंट, डिजिटल तथा यू-ट्यूब से जुड़े पत्रकार समूह के समक्ष रखा। इस अवसर पर पत्रकारों द्वारा भावना योग को लेकर प्रश्न भी किए गए जिनके विस्तार पूर्वक उत्तर आचार्य श्री ने प्रदान कर जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। हेमलता जैन रचना ने बताया कि मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित टीटी नगर स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 21 जून को सुबह 06.00 बजे से भावना योग शिविर का भव्य ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। जिस तरह योग हमारे शरीर को स्वस्थ्य, मन को शांत और आनन्दित करता है उसी प्रकार भावना योग द्वारा भी प्रकृति से सामन्जस्य बनाने एवं हमारे आसपास, परिवार एवं समाज के द्वारा किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद देने का एक सरल, सहज साधन उपलब्ध होता है साथ ही साथ सकारात्मक सोच के संचार का भी सशक्त माध्यम प्राप्त होता है।

मंगल-मंगल होय जगत् में, सब मंगलमय होय।
इस धरती के हर प्राणी का, मन मंगलमय होय॥

इन विचारों के साथ इस अद्भुत अवसर पर श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज ससंघ के पावन मंगल सानिध्य में साधना करने का सुअवसर प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम के निवेदक गुणायतन परिवार भोपाल ने बताया कि स्वस्थ जीवन का आधार योग ही है। यह हमारी अंतरात्मा से संवाद का मार्ग भी है। हमारे जीवन में सत्, चित् और आनन्द का विशेष महत्व है और ये सब हमें प्रकृति के सानिध्य में ले जाकर कृतज्ञता का भाव जगाते हैं जो कि हमें, हमारे वातावरण, परिवार, समाज, देश और संसार को खुशहाल बनाने में निश्चित ही सहायता करते हैं और जीवन में बेहतर करने की निरंतर प्रेरणा देते हैं। यह अवसर सभी को अपने जीवन को एक नए आयाम पर ले जाने हेतु तैयार करने में अपनी महत्पूर्ण भूमिका निभाएगा। इस कार्यक्रम को आयोजित करके श्री दिगंबर जैन पंचायत कमेटी, ट्रस्ट, भोपाल आपके तन को स्वस्थ्य, मन को मस्त और आत्मा को पवित्र बनाने का स्वर्णिम अवसर प्रदान कर रहा है। अपने तन और मन को 'भावना योग' के माध्यम से संवारने और खुशहाल जीवन की ओर एक और कदम बढ़ाने के लिए समस्त भोपाल का जन-जन सादर आमंत्रित है। -**हेमलता जैन**

## आर्यिकारत्न विज्ञमती माताजी ने कहा- जहां वात्सल्य एवं प्रेम भाव हैं वहीं पर धन और सफलता ठहरती है

**आगरा ( विश्व परिवार )।** आर्यिकारत्न राष्ट्र गौरव गणिनी आर्यिका105 विशुद्धमति माताजी के संघ का आज मंगल प्रवेश आगरा दिगम्बर जैन परिषद



के त्रिदिवसीय आयोजन में प्राचीन नसिया परिसर पीर कल्यानी मे हुआ। इस अवसर पर संघ की पट्ट गणिनी आर्यिका105 विज्ञमती माताजी ने प्रवचन सभा में बोलते हुए कहा कि जिस समाज में रत्नत्रयी के लिए आदर हो वही समाज मानसरोवर के समान है, उन्होने कहा कि हम गुणवान तो हो सकते हैं, लेकिन फिर भी सर्व गुण तो तीन लोक के नाथ तीर्थंकर ही रहते हैं, अत- अहंकार से बचें, गुणी जनो के प्रति जिस समाज मे प्रेम व वात्सल्य रहता है, वहीं पर धन और सफलता दोनों रहना पसन्द करते हैं! उन्होने कहा धर्म धर्म कहते तो सब हैं परन्तु सच्चा धर्म जानते कम हैं, उन्होने आगरा समाज को अपने नाम अनुसार काम करने को कहा! उन्होने मूक प्राणियों की रक्षा का आव्हान कीया, और जब उन्हें पता चला कि पूर्व महापौर माननीय नवीन जैन के सत् प्रयासो से नसिया जी परिसर के पीछे ही लगभग 500 गज का प्लाट, पशु एवं पक्षी चिकित्सालय के लिए आगरा नगर निगम से एलाट कीया जा चुका है तो उन्होने समाज को आशीर्वाद देते हुये, उस कार्य को करने हेतु जुट जाने को कहा, उन्होने उस स्थान पर पशु पक्षी के लिए शानदार veterinary hospital develop करने का सुझाव दिया। आज पूरा दिवस माताजी का संघ नसिया जी पर रुकेगा व सांय 6 बजे बाद गुरु भक्ती होगी, कल प्रात: माताजी का संघ कमलानगर की ओर विहार करेगा! माताजी संघ का स्वागत आगरा दिगम्बर जैन परिषद के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन, महामन्त्री सुनील जैन ठेकेदार, अर्थमन्त्री राकेश जैन परदा, उपाध्याय महीपाल जैन, राजेन्द्र जैन एडवोकेट, मुनि त्यागी मन्त्री पवन जैन चांदी आदि भक्त पधारे। -**अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## वर्णी ज्ञान प्रभावना रथ के नगर आगमन के साथ गुणानुवाद सभा का किया गया आयोजन

### अष्ट धातु से बनी 350 किलोग्राम वजनी गणेश प्रसाद वर्णी जी की मूर्ति जन्म भूमि हँसेरा में होगी स्थापित




**सागर ( विश्व परिवार )।** क्षुल्लक श्री गणेशप्रसाद जी वर्णी जी की मूर्ति रथ पर विराजमान होकर मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के विभिन्न नगरों, कस्बों में होते हुए मंगलवार को नगर आगमन हुआ जिसका भव्य स्वागत किया गया। श्री दिगंबर जैन मंदिर रजाखेड़ी, अंकुर कॉलोनी, श्री ऋषभदेव जैन मंदिर, दीनदयाल नगर जैन मंदिर होते हुए श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर नेहा नगर पहुंची सभी स्थान पर लोगों ने आरती कर मूर्ति का स्वागत किया।

नेहानगर में रथ का भव्य स्वागत किया गया, आरती उतारी गई। वर्णी जी के जीवन पर बनाई गई चित्र प्रदर्शनी जिसका उद्घाटन जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री अरुण चंदेरिया, श्रेयांश जैन पवा, ऋषभ जैन बैसाखिया ने किया इसके बाद में गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया। सभी ने अवलोकन किया। रथ में विराजमान अष्ट धातु की गणेश प्रसाद जी वर्णी की मूर्ति 350 किलो की वजनी और 4 फुट की है जो उनकी जन्म स्थली हँसेरा (मड़ावरा) में स्थापित की जाएगी।

सर्व प्रथम चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन डां हरिशचंद्र शास्त्री मुरैना, पं. उदय चन्द्र शास्त्री, पं. पवन कुमार दीवान पं. सुखदेव जैन, सनत जैन, विनोद जैन रद्धष्, उत्तमचंद शास्त्री, डॉ. संजय जैन जैन, राजकुमार जैन बैंक, सुभाष जैन बैंक, संजय शास्त्री, सुनील शास्त्री, सुदेश शास्त्री, राजकुमार शास्त्री भगवा, आदि विद्वानों ने किया।

मंगलाचरण श्रीमती पुष्पा जैन ने किया सभा का संचालन रथ संयोजक मनीष विद्यार्थी ने किया। डां हरिशचंद्र जैन ने गणेशप्रसाद वर्णी जी एक ऐसा नाम है जिन्होंने अनेक संघर्षों से जूझते हुए शिक्षा की अनोखी अलख जगाई। उनका जीवन अनेक उतार-चढ़ाव से युक्त विविध दृष्टियों से बहुरंगी रहा। एक सामान्य से अति-सामान्य युग-पुरुष के रूप में उभरे वर्णी जी का जन्म सन् 1874 में उत्तर प्रदेश में ललितपुर जिला अन्तर्गत हंसेरा ग्राम (मड़ावरा के निकट) में में हुआ था। पं. पवन दीवान ने कहा कि वर्णी जी की प्रेरणा और मार्गदर्शन से सैंकड़ों पाठशालाएँ, विद्यालय और महाविद्यालय खुले। उनका अवदान अविस्मरणीय है।

पं. उदय चंद शास्त्री ने बताया वर्णी विकास संस्थान सभा द्वारा वर्णी जी की 150 वी जयंती राष्ट्रीय स्तर मनाई जा रही है उसी के अंतर्गत वर्णी जी की जन्म भूमि जनपद के मड़ावरा ब्लॉक में ग्राम हँसेरा में एक भव्य वर्णी स्मारक का निर्माण कराया जा रहा है।

कार्यक्रम का संयोजन भारतीय जैन मिलन महिला नेहा नगर द्वारा किया गया एवं आभार श्रीमती अनीता जैन माना कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय संयोजिका वीरांगना संगीता चंदेरिया, क्षेत्रीय संयोजिका वीरांगना अनीता मनोज जैन, संरक्षक किरण जैन, अध्यक्ष वीरांगना ऋतु जैन, सचिव वीरांगना शालिनी जैन, कोषाध्यक्ष वीरांगना संध्या जैन, प्रचार प्रभारी वीरांगना ज्योति जैन, वीरांगना ऋतु जैन, वीरांगना पुष्पा जैन, वीरांगना बबिता जैन, वीरांगना पीयूष जैन, वीरांगना रानी जी श्रीमती भारती जैन सभा मे वक्ताओं ने कहा कि पूज्य वर्णी जी जैन प्राच्य विद्याओं, विद्यालयों के महान उद्धार कर्ता थे। इन्होंने शिक्षा जगत में महान क्रांति की। इन्होंने बुंदेलखंड की अवनत दशा को बड़ी गहराई से देखा - परखा और समझा था। उन्होंने आजादी के लिए अपनी चादर समर्पित की थी।विनोबा भावे जी ने वर्णीजी को अपना अग्रज माना।

## देव शास्त्र गुरु धर्म कल्पवृक्ष और जिनवाणी कामधेनु है जिससे हमें सिद्धालय की राह मिलती हैं : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज

**बांसवाड़ा ( विश्व परिवार )।** पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमानसागर जी खांदूकालोनी बांसवाड़ा में संघ सहित विराजित हैं आज की धर्मसभा में मंगल देशना में बताया कि वर्तमान में कर्मभूमि का काल चल रहा है इसके पूर्व भोगभूमि थी भोगभूमि में कल्पवृक्ष होते थे, जिनसे इच्छा करने पर वांछित सामग्री मिल जाती थी।अब कर्मभूमि में पुरुषार्थ पूर्वक कार्य कर्म करने से



जरूरते, आवश्यकताओं की पूर्ति होती है।वर्तमान में देव, शास्त्र, गुरु, धर्म कल्पवृक्ष हैं। यह हमें शाश्वत सुख का मार्ग बताते हैं और शाश्वत सुख प्राप्त करने के बाद कोई भी इच्छा से नहीं रहती है।वर्तमान में भोग सामग्री की जरूरत शरीर को होती है, आत्मा को भोग सामग्री की जरूरत नहीं होती है कल्पवृक्ष और कामधेनु गाय जिनेंद्र भगवान ने हमें जिनवाणी के रूप में दिया है जिनवाणी में स्तोत्र मंत्र णमोकार मंत्र भक्तांबर महामंत्र है जिससे हम श्रद्धा विश्वास विनय आस्था से प्रार्थना करने पर हमारी रोग दूर और इच्छाओं की पूर्ति होती है।इसलिए धर्म रूपी जड़ को मजबूत रखना जरूरी है तभी हम रत्नत्रय धर्म श्रद्धा से 7 राजू ऊपर सिद्धालय को प्राप्त कर सकते हैं। धर्म रूपी जड़ सम्यक दर्शन, श्रद्धा है।श्रद्धा विश्वास से हमें ऊंचाई प्राप्त होती है वर्तमान में भगवान नहीं है किंतु भगवान के गुणों की स्थापना प्रतिमाओं में पंचकल्याणक के माध्यम से सूरी मंत्र देकर की गई है।भगवान का अभिषेक विनय और सावधानी से करना चाहिए भगवान से कलश टकराने से भगवान के गुणों में कमी आती है इसलिए सम्यक दर्शन कहां और किन से मिलता हैइसकी जानकारी जरूरी है भगवान के दर्शन मात्र से सम्यक दर्शन की प्राप्ति होती है हर कार्य को विधि पूर्वक श्रद्धा से करने से इच्छित वस्तु मिलती है जैन धर्म का मूल णमोकार मंत्र हैं।ब्रह्मचारी गज्जू भैय्या, समाज सेठ अमृत लाल अनुसार आचार्य श्री ने आगे बताया कि वर्तमान में अरिहंत भगवान और सिद्ध भगवान साक्षात नहीं है किंतु णमोकार मंत्र में जिनका हम गुणगान करते हैं, वह आचार्य, उपाध्याय और साधु परमेष्ठी वर्तमान में मौजूद है। हमें सभी साधुओं के प्रति श्रद्धा और विश्वास होना चाहिए। णमोकार मंत्र में आप मंगल पाठ करते हैं साधु परमेष्ठी भी सबका मंगल चाहते हैं, उपदेश देकर मंगल करते हैं। साधु सर्वश्रेष्ठ हैं क्योंकि आचार्य उपाध्याय साधु परमेष्टि से हमें चारित्र संयम प्राप्त होता है बिना चारित्र संयम के हम मोक्ष प्राप्त नहीं कर सकते हैं। ढाई दीप में जितने भी क्षेत्र रहे सभी जगह सिद्ध भगवान पाए जाते हैं।उनके कारण हर स्थान पावन पवित्र हैं। राजेश पंचोलिया और समाज प्रतिनिधि अक्षय डांगरा अनुसार आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने आगे बताया कि आदिनाथ भगवान की स्तुति से भक्तामर पाठ की रचना हुई है कोई सा भी स्रोत की रचना अखंड गले गले तक भक्ति समाहित होने पर भक्ति और उत्साह से स्रोत की रचना होती है भक्तामर, राजा भोज मानतुंग आचार्य की कहानी सभी जानते हैं आचार्य श्री ने स्वयं की रक्षा के लिए भक्तामर की रचना नहीं की थी, उन्होंने मुनियों के सम्मान के लिए, जैन धर्म की संस्कृति के लिए भक्तामर की रचना की। इसलिए जैन स्तोत्र जिनवाणी पर हमारी अकाट्य श्रद्धा होना चाहिए मंत्र स्तोत्र से हमारी आपदा, विपदा और रोगों से मुक्ति मिलती है आप लोग डॉक्टर से रोगों का निदान कराते हैं उन्हें फीस देते हैं जिनेंद्र भगवान भी डॉक्टर के डॉक्टर हैं। भगवान को श्रद्धा, विश्वास भक्ति रूपी फीस से हमें मनोरथ की प्राप्ति होती है और जन्म मरण के रोग से निवारण होता है। पुण्यार्जक परिवार द्वारा भगवान की शांति धारा और आचार्य श्री को जिनवाणी भेंट कर चरण प्रक्षालन किए गए। -**राजेश पंचौलिया**

## राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की बैठक, युवक-युवती परिचय सम्मेलन सहित कई समाजोपयोगी गतिविधियों का करेगी आयोजन

**जयपुर( विश्व परिवार )।** जैन युवा एवं महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय पंजीकृत प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर द्वारा गत 30 वर्षों से धार्मिक गतिविधियों के साथ मानव सेवार्थ एवं सामाजिक सेवा कार्य किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में चल रहे भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण वर्ष के दौरान समाज के विवाह योग्य युवक - युवतियों के लिए वैवाहिक परिचय सम्मेलन सहित कई समाजोपयोगी गतिविधियों का आयोजन करेगी। यह निर्णय भट्टारक जी की नसियां स्थित बडजात्या सभागार में राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की आयोजित विशाल सभा में लिया गया।



युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के नेतृत्व में आयोजित इस मीटिंग का शुभारंभ विश्व शांति प्रदायक णमोकार महामंत्र के तीन बार सामूहिक उच्चारण से किया गया।ततत्पश्चात सुभाष बज द्वारा ओम मंगलम ओंकार मंगलम मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। परिचय सत्र के बाद अपने स्वागत उदबोधन में प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन द्वारा की गई गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सभी जोनो को अपने अधीनस्थ युवा एवं महिला संगठनों के माध्यम से जोनवार धार्मिक, सामाजिक व मानव सेवार्थ गतिविधियां करने का आव्हान किया गया।

प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि जयपुर महानगर में 150 से अधिक युवा एवं महिला संगठन, महिला मण्डल, जेएसजी संगिनी फारम आदि युवा महासभा के अधीनस्थ धार्मिक एवं सामाजिक सेवा की गतिविधियां कर रहे हैं। श्री जैन के मुताबिक मीटिंग में युवा महासभा के सहकार मार्ग स्थित राजस्थान प्रदेश कार्यालय पर जैन सूचना एवं सहायता केन्द्र शुरु करने, जुलाई माह में दो दिवसीय धार्मिक यात्रा का आयोजन करने, सम्भाग स्तर पर धार्मिक भजन गायन प्रतियोगिता आयोजित करने, समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने, भाद्रपद मास में सामूहिक पूजा का आयोजन, दशलक्षण महापर्व के दौरान मंदिरों में होने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक एवं प्रतियोगिता वर्ग के कार्यक्रमों को पुरस्कृत करने, सुगंध दशमी पर जैन मंदिरों में सजने वाली झांकियों को पुरस्कृत करने, अतिशय क्षेत्र पदमपुरा एवं जहाजपुर की जयपुर से साईकिल यात्रा आयोजित करने, व्यक्तित्व विकास पाठ्यक्रमों का आयोजन करने, नवम्बर माह में इण्डौर गेम्स आयोजित करने सहित संगठन की जयपुर शाखा की नई टीम गठित करने तथा जिला एवं तहसील स्तर पर संगठन का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया।

इस मौके पर राकेश गोधा, मनीष बैद, पवन पाण्डया, भारतभूषण जैन, चेतन जैन निमोडिया, मनीष सोगानी, विनित चांदवाड, वैभव जैन, तरुण जैन, मुकेश कासलीवाल, सुनील अजमेरा आदि ने अपने विचार प्रकट करते हुए कई समाजोपयोगी योजनाओं के लिए सुझाव दिये।

श्री जैन के मुताबिक युवा महासभा एवं विनित जैन क्रियेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार, 20 जून को दोपहर 1.00 बजे से सायंकाल 5.00 बजे तक टौक रोड पर अपेक्स माल के ब्लेक कोड रेस्तरां में महिलाओं के लिए ओपन माईक लीग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। श्री जैन के मुताबिक अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शुक्रवार, 21 जून को प्रात: 5.30 बजे से प्रात: 8.30 बजे तक मानसरोवर के सिटी पार्क में पिंक सिटी योगा एवं परिण्डा तथा चुग्गा दाना घर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। -**विनोद जैन कोटखावदा**

## श्रावकाचार अनुशीलन राष्ट्रीय विद्वत् संगोष्ठी सम्पन्न, विद्वानों ने प्रासंगिक विषयों पर प्रस्तुत किए शोधालेख, संगोष्ठी को सुनने उमड़ी भीड़

**केकड़ी/राजस्थान ( विश्व परिवार )।** श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन चैत्यालय केकड़ी, राजस्थान में चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य श्रुतसंवेगी मुनि श्री आदित्यसागर जी महाराज ससंघ के मङ्गल सान्निध्य व शास्त्रि परिषद के अध्यक्ष डॉ श्रेयांस कुमार जी जैन बड़ौत के संयोजकत्व में 15 व 16 जून 2024 को दो दिवसीय श्रावकाचार अनुशीलन राष्ट्रीय विद्वत् संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। संगोष्ठी के दो सत्रों में आचार्य श्री सुंदरसागरजी महाराज ससंघ का सान्निध्य भी प्राप्त हुआ।




इस संगोष्ठी में डॉ. शीतल चंद्र जैन जयपुर, डॉ श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत, डॉ. श्रीयांस कुमार जैन जयपुर, ब्र. डॉ . अनिल भैया प्राचार्य जयपुर, पंडित विनोद कुमार जैन रजवांस, डॉ अनेकान्त जैन दिल्ली, ब्र. डॉ धर्मेंद्र भैया जयपुर, डॉ. सुनील जैन संचय ललितपुर, डॉ. पंकज कुमार जैन इंदौर, डॉ आशीष जैन आचार्य सागर, डॉ. सोनल कुमार जैन दिल्ली आदि विद्वानों ने अपने महत्वपूर्ण आलेख प्रस्तुत किए। स्थानीय विद्वान देवेंद्र जैन शास्त्री एवं विवेक शास्त्री का सराहनीय योगदान रहा। संगोष्ठी में चार सत्र हुए जिसकी अध्यक्षता डॉ. श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत, डॉ. शीतल चंद्र जैन जयपुर, डॉ. श्रीयांस सिंघई जयपुर, डॉ. श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत ने की। सत्रों का संचालन क्रमश: पंडित विनोद कुमार जैन रजवांस, डॉ. सुनील जैन संचय ललितपुर, डॉ. अनेकान्त जैन दिल्ली, राजेन्द्र महावीर सनावद ने किया। भंवर लाल जी जैन अध्यक्ष जैन समाज केकड़ी ने सभी विद्वानों का आभार व्यक्त किया। केकड़ी जैन समाज द्वारा सभी विद्वानों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर श्रुतसंवेगी मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ने कहा कि पूजा में द्रव्य भी प्रासुक हो और भाव भी प्रासुक हों तभी पूजा की सार्थकता है। मंदिर में हाथ-पैर के साथ मन भी धोकर प्रवेश करें। पूजा, अभिषेक पूर्वक ही हो। भगवान न राजी होते हैं न ही नाराज। धर्म को धन से न तौला जाय। बोलियों को व्यापार न बनाया जाय। स्व संपत्ति का दान देना चाहिए। दान में लूटमारी, मायाचारी, वसूली न हो। ये मेरे गुरु ये तेरे गुरु ऐसा भेदभाव न किया जाय। एक गुरु जरूर बनाएं लेकिन किसी के साथ भेदभाव न किया जाय। साधु को एकल बिहारी नहीं होना चाहिए। आज समाज में कुलाचार पालन की परंपरा टूट रही है जो चिंतनीय है। आचरण की चर्चा तो हो रही है पर उसकी पालना नहीं हो रही है। इस अवसर पर आचार्य श्री सुंदर सागर जी महाराज ने कहा कि अभिषेक, शांतिधारा विशुद्धि बढ़ाने के भाव से की जानी चाहिए। हम लोग कलश देखें, क्लेश न करें। साधु और विद्वान एक हो जायं तो प्रभावना और अधिक बढ़ जाती है। काल कोई भी हो मुनियों के मूलगुण 28 ही रहेंगे। मुनियों से कोई गलती होती है तो उनके गुरु को बताएं, उपगूहन, स्थितिकरण करें, ढ़िढोरा न पीटें। मुनियों पर ही जिनशासन टिका हुआ है।

पिछले दिन केशोरायपाटन में अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्रि परिषद के अधिवेशन में सर्व सम्मति से डॉ श्रेयांस कुमार जी जैन बड़ौत को पुन: शास्त्रि परिषद का अध्यक्ष चुना गया था, इस उपलक्ष्य में केकड़ी जैन समाज द्वारा डॉ श्रेयांस कुमार जी जैन का भव्य सम्मान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच किया गया। समाज ने उन्हें पगड़ी, शाल, श्रीफल, प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। -**डॉ सुनील जैन संचय**

## संक्षिप्त समाचार

### धर्म विशेष सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सोशल मीडिया से प्रभावित आज का युवा वर्ग कुछ लाइक्स और कमेंट के लिए कुछ भी करने को बेताब रहते हैं, चाहे इसका असर समाज पर या उनके परिवार पर कुछ भी हो, कोरबा शहर में भी देखने को मिला जहां कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले राताखार में धर्म विशेष के एक युवक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फोटो को पैरों तले कुचलते हुए रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया जिसकी जानकारी बजरंग दल के लोगों को होने पर उन्होंने इस युवक की शिकायत सिटी कोतवाली पर करते हुए जल्द से जल्द उसे युवक को गिरफ्तार करने की मांग की है, बजरंग दल के सदस्यों का कहना है कि कोरबा एक ऐसा शहर है जहां सभी धर्म विशेष के लोग आपसी भाईचारे और सद्भाव से रह रहे हैं कुछ लोगों के इस तरह की हरकतों से शहर का माहौल खराब हो सकता है ऐसे लोगों पर पुलिस प्रशासन को सख्त कार्यवाही करनी चाहिए.

### कलेक्टर और एसपी ने बस दुर्घटना में घायल मरीज का लिया हाल चाल

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मांझी आंठगांव के निकट हुई बस दुर्घटना में घायल मरीज से मिलने कोण्डागांव जिला अस्पताल पहुंचे और उनका हाल चाल लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भी उनके साथ मौजूद थे। कलेक्टर ने बस दुर्घटना में घायल बहीगांव निवासी सूरज मरकाम से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने मरीज को बेहतर चिकित्सा प्रदान करने के लिए जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ आरसी ठाकुर को निर्देशित किया। इसके साथ ही दुर्घटना में शामिल अन्य मरीजों के उपचार के संबंध में भी जानकारी ली। डॉ0 ठाकुर ने बताया कि दुर्घटना में शामिल 3 मरीजों को यहां उपचार के लिए लाया गया था, जिनमें दो मरीजों को उपचार के उपरांत डिस्चार्ज कर दिया गया है।

### कृषि विभाग के मैदानी अमले बारिश की स्थिति पर नजर रखें : कलेक्टर विजय

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर विजय ने कहा कि सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी लगातार बारिश की स्थिति पर नजर रखें और जहां बरसात कम हुई या पानी की कमी होने की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराएं। उन्होंने बारिश की स्थिति का संज्ञान लेते हुए कृषि कार्य में संलग्न किसानों की स्थिति, बांधों में पानी की उपलब्धता की भी समीक्षा की। किसानों का तहसीलदार द्वारा बैंक खाता सत्यापन कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को किसान क्रेडिट कार्ड की अद्यतन प्रगति, बैंक में प्रस्तुत किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरणों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए। कृषि विभाग और संबंद्ध विभागों से बीज का भण्डारण-वितरण और रसायनिक खाद की उपलब्धता स्थिति की समीक्षा किए। समय-सीमा के प्रकरणों पर संबंधित विभागों से चर्चाकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल और विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शाला त्यागी बच्चों को स्कूलों से जोड़ने के लिए कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए बास्तानार, दरभा, लोहण्डीगुड़ा, तोकापाल में विशेष रूप से शाला त्यागी पर सर्वे कराने के निर्देश दिए। साथ ही अप्रवेशी बच्चों को स्कूलों से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने कहा। डिस्मेंटल योग्य शालाओं को चिन्हाकंन कर तत्काल डिस्मेंटल कर मलमा हटाने के लिए संबंधितों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण जनों को बारिश नहीं होने पर मनरेगा कार्य में संलग्न कर लक्ष्य के आधार पर काम दिया जाए। मनरेगा का काम फारेस्ट विभाग में भी दिया जाए। उन्होंने मनरेगा की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि मनरेगा में मजदूरों को ज्यादा से ज्यादा काम देवें। मनरेगा जॉब कार्ड का सत्यापन और निरस्तीकरण लगातार किया जाए। इसके अलावा मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र और पीडीएस दुकान निर्माण कार्य की भौतिक प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बैंक सखी, प्रधानमंत्री आवास योजना, एफआरए हितग्राहियों की मनरेगा में पंजीकरण की स्थिति, विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत स्वीकृत अपूर्ण कार्य, समाज कल्याण के सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत बैंकिंग कार्य, ई-श्रम विभाग में पंजीकृत व्यक्तियों के राशन कार्ड निर्माण की प्रगति, निरस्त राशन कार्ड एवं निरस्त सदस्यों से संबंधित कार्य, पीडीएस बारदाना संकलन, जल-जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत प्रगति, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की।

# कलेक्टर ने ली डेंगू एवं मलेरिया उन्मूलन के लिए जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक

## डेंगू से रहे सर्तक, अपनाएं सावधानी, मच्छरदानी का करें उपयोग



**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डेंगू एवं मलेरिया उन्मूलन के लिए जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने बताया कि डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता है। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने नहीं दें। कूलर में पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पनपने का खतरा रहता है। कूलर का उपयोग नहीं होने पर उसका पानी खाली कर दें एवं जो कूलर चालू है, उसे प्रति सप्ताह खाली कर साफ कर पानी भरें। घर की छत पर रखे गमलों या अन्य चीजों में पानी जमा हो तो उसे तुरंत खाली करना चाहिए, क्योंकि इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं। घरों के आसपास या गड्ढों में पानी जमा नहीं होने दें एवं जमा पानी के गड्ढे में जला हुआ तेल डाल दें, जिससे आक्सीजन नहीं मिलने के कारण मच्छर के लार्वा नष्ट हो जाए। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। घर के दरवाजों में जाली लगवाएं, पैरों में मोजे पहने एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। बचाव ही सावधानी है। कलेक्टर ने कहा कि अपने कार्यालय, निवास एवं आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई रखें तथा पानी जमा नहीं होने दें एवं नगर निगम को शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि डेंगू मच्छर जनित एक वायरल बीमारी है। जिसमें सिर में दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द जैसी परेशानियां होती हैं और त्वचा पर चकत्ते भी निकल आते हैं। डेंगू फीमेल एडीज मच्छर के काटने से होता है। डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां मच्छरों के काटने से होती हैं, लेकिन मामूली सावधानी अपनाने से मच्छर के काटने से बचा सकता है। भारत में विशेषकर यह बारिश के दिनों में होने वाला सामान्य रोग है। डेंगू का लार्वा सामान्यत: जमे हुए साफ पानी में पनपता है और इसे पनपने के लिए जुलाई से लेकर अक्टूबर का समय काफी अनुकूल होता है।

# आंधी-तूफान में बाधित विद्युत आपूर्ति को कड़ी मेहनत से विद्युत कर्मियों ने किया बहाल

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** मौसम में आये बदलाव के कारण गत दिनों मानपुर, मोहला, छुरिया, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़ एवं राजनांदगांव में आये आंधी-तूफान के कारण विद्युत वितरण तंत्र को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा। तूफान की प्रचंडता के कारण अनेक स्थानों पर दर्जनों पेड़ विद्युत लाइनों के उपर गिर गए थे एवं सैकड़ों डंगाले विद्युत लाइन के तारों में फंस गई थी, जिसके कारण बिजली के खंभे सहित वितरण तंत्र में ब्रेक-डाउन का गहरा असर हुआ था। इस व्यवधान को दूर करने के लिए विद्युत कर्मियों ने कड़ी मेहनत एवं अथक प्रयासों से यथासंभव जल्दी से जल्दी विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी। जिसके कारण रात का अंधेरा गहराने के पहले ही बिजली की रोशनी लौट आई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों को सुशासन के लिए प्रेरित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए है कि जनहित से जुड़े विषयों और सेवाओं पर पूरी तत्परता से ध्यान देना है। इसके अनुपालन में विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष श्री पी. दयानंद तथा एम.डी. पारेषण एवं वितरण श्री राजेश कुमार शुक्ला ने मैदानी अमले को विशेष हिदायतें दी है। बीते दिनों में मानपुर, मोहला, छुरिया, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़ एवं राजनांदगांव में जब आंधी-तूफान से क्षेत्र के सभी फीडर ट्रिप हो गए तो विद्युत कर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभाला। हवा के तेज वेग का प्रभाव इतना प्रचंड़ था सिर्फ राजनांदगांव के ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्रों में तेज आंधी-तूफान के कारण ट्रांसफार्मर, डी.पी., 11 के.व्ही. लाइनों एवं एलटी लाइनों के 41 से अधिक खंभे पूरी तरह से टूट गए, दो से तीन स्थानों पर वितरण ट्रांसफार्मर भी विफल हुए एवं अनेक स्थानों में बिजली लाइन के तार भी बुरी तरह से टूट गए। विद्युत वितरण तंत्रों में हुई टूट फूट के कारण अनेक स्थानों की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जनसामान्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में मुस्तैद विद्युत कर्मियों द्वारा जंपर काटकर आइसोलेट किया गया एवं यथासंभव सुरक्षित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति चंद घंटों में ही बहाल कर दी गई। प्रभावित क्षेत्रों में भारी पेड़ों की डंगाले काटकर विद्युत तारों को निकाला गया एवं आवश्यकतानुसार नये खंभे गड़ाकर 11 के.व्ही. लाइनों एवं एलटी लाइनों को जल्द ही दुरुस्त किया गया।

# किसानों और ग्रामीणों के सच्चे साथी बनेंगे दामिनी और मेघदूत

### मेघदूत एप्प से मौसम की मिलेगी सटीक जानकारी

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** किसानों और ग्रामीणों के दो सच्चे साथी अब हमेशा उनके साथ रहेंगे। एक उन्हें मौसम संबंधी जानकारी से लैस करेगा, तो दूसरा आकाशीय बिजली की कहर से बचाएगा। छत्तीसगढ़ में मानसून की दस्तक के साथ ही खेती-किसानी का काम-काज शुरू हो जाता है। किसान भाई मौसम संबंधी सटीक जानकारी के लिए मेघदूत और आकाशीय बिजली से जनहानि और पशुहानि से बचाव के लिए दामिनी एप्प का सहारा ले सकते हैं। भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने इन दोनों एप्प को लॉन्च किया है। इसे गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से किसी भी एंड्राइड मोबाईल पर डाउनलोड किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों को राजस्व विभाग और अन्य विभागों के मैदानी अमले के माध्यम से इन दोनों ही एप्प का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही गांवों में मुनादी करने के निर्देश दिए गए हैं। खेती-किसानी के सीजन में किसानों के लिए मौसम की सटीक जानकारी आवश्यक होती है, इससे खेती-किसानी का काम-काज व्यवस्थित और सुचारू ढंग से करने में मदद मिलती है। मेघदूत एप्प के माध्यम से किसान भाई मौसम पूर्वानुमान जैसे तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा इत्यादि की जानकारी मिलेगी, जिससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मानसून के दौरान ही आकाशीय बिजली की घटनाओं का सिलसिला शुरू हो जाता है।

# आदिवासी युवक-युवती उद्यमिता प्रशिक्षण के लिए एमएसएमई हैदराबाद के लिए रवाना

### कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने बस को दिखाई हरी झंडी

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** जिला प्रशासन के अभिनव पहल पर स्थानीय आदिवासी युवक-युवतियों को प्रथम पीढ़ी के उद्यमी बनाने के उद्देश्य से 10 दिवसीय प्रशिक्षण की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई है। इसके अर्न्तगत 6 दिवसीय प्रशिक्षण आरसेटी बीजापुर में पूर्ण होने के पश्चात 4 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर माइक्रो स्मॉल एण्ड मिडियम इंटर प्राईजेस हैदराबाद के लिए कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने प्रशिक्षु युवा-युवतियों से भरे बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस प्रशिक्षण में 35 प्रशिक्षु शामिल हो रहे हैं। कलेक्टर पाण्डेय ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करते हुए सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। इस दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा जिला ही नहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रतिनिधि के रूप में आपसभी प्रशिक्षण हेतु जा रहे हो, मन लगाकर प्रशिक्षण में शामिल होना किसी भी प्रकार की शंका होने पर शिक्षकों से बेझिझक होकर अपने सभी शंकाओं को दूर करना, दूसरे राज्य जा रहे हो तो अपने प्रदेश का नाम रौशन करना है पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण में भाग लेना अनुशासित रहना और निर्देशों का पालन करना, एक अच्छे प्रशिक्षु के रूप में अपनी छाप छोड़कर आना है।

# कलेक्टर जनदर्शन में 24 आवेदन प्राप्त हुए

### कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं का गंभीरता पूर्वक निराकरण करने के दिये निर्देश

**मोहला(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की शिकायतो, समस्याओं और मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही करें। कलेक्टर जनदर्शन में आज 24 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर जनदर्शन में आज कुंजामटोला के समस्त ग्रामवासीयों ने अपने गांव में नेटवर्क की समस्या से अवगत कराते हुए आवेदन प्रेषित किया। उन्होंने अपने गांव में जियो टावर लगाने की मांग की हैं। उन्होंने बताया कि नेटवर्क समस्या होने के चलते सार्वजनिक वितरण प्रणाली में राशन लेते समय मशीन में हितग्राही का फिंगर के लिए यहां-वहां भटकना पड़ता है। इसी प्रकार अं.चौकी निवासी अक्षय लाल ने उनकी माता की मृत्यु हो जाने पर अनुकम्पा नियुक्ति देने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया है। आवेदक ने बताया कि उनकी माता शिक्षा विभाग में प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ थी। उनकी माता की मृत्यु सेवा काल में हो गया है। उन्होंने आवेदन देते हुए बताया कि मेरे घर की अर्थिक स्थिति अत्यन्त खराब हैं, मुझे जल्द-से-जल्द अनुकम्पा नियुक्ति दिया जाये। इसी प्रकार ग्राम खुर्सीपार निवासी मति मंजू श्याम ने अपने पति स्व. विजय श्याम के निधन के बाद उनकी पेंशन प्रकरण का शीघ्र निराकण किये जाने के संबंध में आवेदन दिया है। इसी प्रकार ग्राम खड़बत्तर वि.ख.मोहला के समस्त ग्राम वासियों ने ग्राम से लेकर मोहला जाने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति अत्यन्त खराब होने के कारण हमें आने-जाने में कई समस्याओं का समना करना पड़ता हैं, संबंधित समस्या से अवगत कराते हुए आवेदन प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार अन्य आवेदको ने अपने आवेदन के माध्यम से अपने समस्याओं से निजात पाने कलेक्टर से गुहार लगायी है।

# शासन की योजनाओं को देवें सर्वोच्च प्राथमिकता - कलेक्टर

### जन सामान्य से प्राप्त आवेदनों का निराकरण अविलम्ब करें

### राजस्व से संबंधित प्रकारणों का निराकरण में गंभीरता का परिचय देवें



**मोहला(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारी प्रति सप्ताह योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा करें। मैदानी अमले के अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में प्राथमिकता के साथ दायित्व निर्वहन के लिए निर्देशित करें। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति में कमी पर नियमानुसार कार्यवाही भी किया जाये। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी अधिकारी कि महती जिम्मेदारी है कि शासन की मंशा अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करें। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकारणों की समीक्षा करते हुए कहा कि आम जनता से प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आमजनों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। बिना किसी ठोस वजह के आवेदनों को निरस्त ना करें। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व से संबंधित मामले बेहद गंभीर और संवेदनशील होते हैं। राजस्व अधिकारी, राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गंभीरता का परिचय देते हुए वास्तविक निराकरण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजस्व से संबंधित प्राप्त शिकायतों, मांगों और समस्याओं का निर्धारित समय में निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने श्रम विभाग के अंतर्गत पंजीकृत सभी श्रमिकों का राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि स्कूल में पढने वाले सभी छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति स्वीकृत के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए हैं। पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ग्राम पंचायत में ठोस तरल अपशिष्ट पदार्थों के उचित प्रबंधन और स्वच्छता के लिए विशेष कार्य योजना बनाया जाये। सहकारिता विभाग से कहा गया है कि किसानों की मांग पर ऋण स्वीकृति के कार्य को प्राथमिकता से करें। किसानों को दिए जाने वाले नगद राशि ऋण स्वीकृति के कार्य को किसानों की मांग के अनुसार नियमानुसार करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी विभागीय अधिकारियों को जवाबदारी पूर्वक कार्यवाही करते हुए अपने विभागों में संचालित योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिला परियोजन निदेशक अधिकारी हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## व्यापार समाचार

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक और स्लाविया की नई मूल्य प्रस्ताव की घोषणा की

**नईदिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने ब्रैंड को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने की अपनी पहलों को जारी रखते हुए, सीमित अवधि के लिए कुशाक और स्लाविया की नई कीमतों की घोषणा की है। इससे उपभोक्ताओं की स्कोडा ऑटो इंडिया की उन गाड़ियों तक पहुंच बढ़ी है, जिन्हें 5 स्टार रेटिंग दी गई है और जो कार में बैठे वयस्कों और बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से पूरी तरह सुरक्षित हैं। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनबा ने कहा, हम भारत में लगभग 25 सालों से है और इस मार्केट को लेकर हमारी प्रतिबद्धता अटूट है। हम अपने प्रॉडक्ट में लगातार नए फीचर्स पेश करने के लिए तत्प र रहते हैं और इसी के अनुसार कदम उठाते हैं। हमने 2025 के लिए प्लासन की गई ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा की है। इसलिए हमने यह सोचा है कि इस नई कार के साथ हम नए बाजारों में जाएंगे, युवा ग्राहकों तक पहुंच बनाएंगे और ब्रांड की पहुंच बढ़ाने की कोशिश करेंगे। नई कॉम्पैंक्टप एसयूवी से हमारे लिए नए बाजारों के दरवाजे खुलेंगे। हमने कुशाक और स्लाविया में कुछ एफिशिएंसीज भी हासिल की हैं, और इसकी वजह से हमने अपनी गाड़ियों के मूल्यि को बढ़ाएं हैं और लाभों को उपभोक्ताओं एवं फैंस तक पहुंचाया है।''

**वैरिएंट्स-** कुशाक और स्लाविया, जो पहले एक्टिव, एंबिशन, और स्टाइल वैरिएंट में उपलब्ध थे, अब उनका नाम बदलकर क्लासिक, सिग्नेचर और प्रेस्टीज कर दिया गया। इन तीनों वैरिएंट्स के अलावा कुशाक ओनिक्स को कारों के लाइनअप के वैल्यू एंड और मोंटे कार्लो को प्रीमियम एंड पर पेश किया गया है।

### वेदांता के 10 बिलियन डॉलर के EBITDA हासिल करने की योजना को 50 से ज्यादा हाई इम्पैक्ट ग्रोथ प्रोजेक्ट्स से मिलेगी मजबूती

**रायपुर।** वेदांता समूह के जल्द ही 10 बिलियन डॉलर के EBITDA के लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयार रणनीतिक रोडमैप को जिंक, एल्युमीनियम, तेल और गैस तथा बिजली कारोबार सहित 50 से ज्यादा उच्च-प्रभाव वाली विकास परियोजनाओं के समय पर क्रियान्वयन से बल मिलेगा। वेदांता समूह द्वारा आयोजित साइट विजिट पर आए 45 से अधिक फंड मैनेजरों और विश्लेषकों को दिए गए पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के अनुसार, ये परियोजनाएं पूरी होने के अंतिम चरण में हैं। पीटीआई ने प्रेजेंटेशन की एक कॉपी देखी है। वेदांता के एल्युमीनियम कारोबार में 3.1 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की इंटीग्रेटेड सप्लाई हासिल करने के लिए प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। वैश्विक लागत के हिसाब से देखा जाए तो उत्पादन की लागत कई वर्षों के निचले स्तर 1711 डॉलर/टन पर है और सप्लाई चेन 100 प्रतिशत वर्टिकल इंटीग्रेटेड है। इस व्यवसाय में 2 गुना मजबूत मांग नजर आ रही है, तथा भारत का घरेलू बाजार हर 5 वर्ष में दोगुना होने वाला है। वेदांता का जिंक व्यवसाय वर्तमान में 1,000 डॉलर/टन की लागत पर 1.2 मीट्रिक टन प्रति वर्ष (जिंक धातु) का उत्पादन करता है, जबकि चांदी की मात्रा 800 मीट्रिक टन प्रति वर्ष है। भारत के प्राथमिक जिंक बाजार में इस व्यवसाय की 75 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी है, तथा 2 मीट्रिक टन प्रति वर्ष के लिए विकास योजना वर्तमान में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी तरह, वेदांता समूह का तेल और गैस कारोबार अगले 3 वर्षों में अपने रिसोर्स बेस को >2 BBOE (बिलियन बैरल तेल समतुल्य) से अधिक तक विस्तारित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसका उत्पादन लक्ष्य 300 KBOEPD (एक हजार बैरल तेल समतुल्य प्रतिदिन) है। इसके अतिरिक्त, वेदांता समूह के पास निष्पादन के तहत प्रमुख परियोजनाएं हैं, जिनमें लांजीगढ़ एल्यूमिना रिफाइनरी में क्षमता विस्तार 3.5 से 5 मीट्रिक टन प्रति वर्ष तक, बाल्को स्मेल्टर 0.6 से 1 मीट्रिक टन प्रति वर्ष तक और कुल बिजली उत्पादन क्षमता को 2.9 गीगावॉट से 5 गीगावॉट तक बढ़ाना शामिल है। कुल मिलाकर, वेदांता समूह अपनी चल रही विकास परियोजनाओं में लगभग 8 बिलियन डॉलर का निवेश कर रहा है। कई प्रमुख ब्रोकरेज हाउस ने इस पर ध्यान दिया है, और कंपनी के लिए अपने प्राइस टार्गेट को अपग्रेड किया है।

### केबीसी ग्लोबल लिमिटेड को सीआरजेई लिमिटेड से सोफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर सेगमेन्ट के लिए 20 मिलियन यूएस डॉलर का सब कॉन्ट्राक्ट मिला


**नाशिक।** कंस्ट्रक्शन और रियल एस्टेट डेवलपमेन्ट सेक्टर की जानीमानी कंपनी केबीसी ग्लोबल लिमिटेड (जो इससे पहले कार्डा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी) ने सीआरजेई (इस्ट अफ्रीका) लिमिटेड की ओर से 20 मिलियन यूएस डॉलर का महत्वपूर्ण सबकॉन्ट्राक्ट प्राप्त किया है। सीआरजेई पूरे अफ्रीका में रेलवे और फाइव-स्टार होटेल्स बनाने वाली आधुनिक कंपनी है। यह महत्वपूर्ण कॉन्ट्राक्ट सॉफ्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर के सिविल इंजिनियरिंग सेगमेंट पर ध्यान देता है और केबीसी ग्लोबल के लिए बडी उपलब्धि दिखाता है. यह कॉन्ट्राक्ट केबीसी ग्लोबल की पूर्ण स्वामित्व वाली केन्याई सहायक कंपनी, कार्डा इंटरनेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के माध्यम से सुरक्षित किया गया था, जो अफ्रीकी बाजार में कंपनी के विस्तार को रेखांकित करता है। यह कॉन्ट्राक्ट अंतरराष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में केबीसी ग्लोबल की बढ़ती क्षमताओं और प्रतिष्ठा पर प्रकाश डालता है। यह परियोजना अफ्रीका के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में योगदान देने की कंपनी की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है, जो अफ्रीका महाद्वीप के विकास में एक प्रमुख कंपनी बनने की दिशा में उसका पहला बड़ा कदम है। इस उपलब्धि के साथ, केबीसी ग्लोबल क्षेत्र के महत्वाकांक्षी विकास और विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित करते हुए, पूर्वी अफ्रीका के इंफ्रास्ट्रक्चर के परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है। चीन के रेल मंत्रालय के तहत जियानचांग इंजीनियरिंग ब्यूरो की TAZARA कंस्ट्रक्शन की सहायक टीम से बनी सीआरजेई प्रतिष्ठित चाइना रेलवे कंस्ट्रक्शन ग्रुप कंपनी का भी हिस्सा है, जिसे पूर्वी अफ्रीका में व्यवसाय विकास को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया है। 2007 में स्थापित, कंपनी ने रियल एस्टेट उद्योग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो भारत के नासिक में रेसिडेन्शियल और रेसिडेन्शियल-कम ऑफिस प्रोजेक्ट्स के विकास और बिक्री में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी मुख्य रूप से दो सेगमेन्ट्स में काम करती है।

# विंडीज ने अफगानिस्तान को 104 रन से हराया



**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया)( एजेंसी )।** निकोलस पूरन की 98 रन की जबरदस्त पारी और ओबेद मैकॉय के तीन विकेटों की बदौलत सह मेजबान वेस्ट इंडीज ने अफगानिस्तान को टी 20 विश्व कप के अपने आखिरी ग्रुप मैच में भारतीय समयानुसार मंगलवार को 104 रन से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने पर पूरन के 53 गेंदों पर 98 और चार्ल्स जॉनसन के 27 गेंदों पर 43 रन की बदौलत वेस्ट इंडीज ने पांच विकेट पर 218 रन का मजबूत स्कोर बनाया जो टी 20 विश्व कप के इस संस्करण में किसी भी टीम का सर्वाधिक स्कोर है। विंडीज ने श्रीलंका के नीदरलैंड्स के खिलाफ 201/6 और ऑस्ट्रेलिया के इंग्लैंड के खिलाफ 201/7 के स्कोर को पीछे छोड़ा। पूरन के शानदार 98 रन मौजूदा विश्व कप में किसी खिलाड़ी का सर्वाधिक निजी स्कोर है। पूरन ने अमेरिका के आरोन जोंस के कनाडा के खिलाफ बनाये गए नाबाद 94 रन को पीछे छोड़ा। उन्होंने पुरुष टी 20 इतिहास में किसी वेस्ट इंडीज के खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक छक्के उड़ाने के रिकॉर्ड को तोड़ा। पूरन ने अपनी पारी में छह चौके और आठ छक्के लगाए। विंडीज के विशाल स्कोर के जवाब में अफगानिस्तान की टीम 16.2 ओवर में 114 रन पर सिमट गयी और उसे इस विश्व कप में पहली हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए विंडीज की शुरुआत तेज रही। हालांकि दूसरे ओवर में ब्रैंडन किंग (6 में 7) का विकेट मेजबान टीम की गति को रोक नहीं पाया। लेकिन, चार्ल्स और पूरन दोनों टॉप गियर में आ गए। चार्ल्स ने तीसरे ओवर में तीन चौके लगाए, जिसने पूरन को अंत के बदलाव के समय इस दुनिया से कुछ अलग करने के लिए प्रेरित किया। आईसीसी रिपोर्ट के अनुसार कीपर-बल्लेबाज ने अज़्मतुल्लाह उमरज़ई की गेंद पर 36 रन बनाकर धमाका कर दिया - 6, 5 नोबॉल , 5वाइड, 0, 4लेग बाई, 4, 6, 6 पुरुषों के टी-20 इतिहास में यह पांचवीं बार है जब एक ओवर में 36 रन बने जबकि पुरुष विश्व कप में यह दूसरी बार है। उमरजई के ओवर की अंतिम गेंद पर छक्के से साझेदारी 50 तक पहुंची। इस जोड़ी ने आक्रमण जारी रखा और वेस्टइंडीज को छह ओवर में स्कोर 92/1 पहुंचा दिया, जो पुरुषों के टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। आठवें ओवर की समाप्ति पर दाएं हाथ के बल्लेबाज के आउट होने से पहले चार्ल्स की एक और बाउंड्री से विंडीज ने 7.4 ओवर में 100 रन का आंकड़ा छू लिया। इसने 80 रन की साझेदारी को समाप्त कर दिया जिसमें केवल छह ओवर लगे। मेजबान टीम ड्रिंक्स तक 113/2 पर पहुंच गई।

# मजबूत वैश्विक संकेतों से रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुले शेयर बाजार



**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी ने क्रमश- 77,326 अंक और 23,573 अंक का नया कीर्तिमान बनाया। सुबह 9-40 पर सेंसेक्स 226 अंक या 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,219 अंक पर और निफ्टी 77 अंक या 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,543 अंक पर था। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी जा रही है। एनएसई पर 1,735 शेयर हरे निशान में और 348 लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 140 अंक या 0.25 प्रतिशत चढ़कर 55,365 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 127 अंक या 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,171 अंक पर था। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, आईटी, पीएसयू, एफएमसीजी, धातु, रियल्टी और ऊर्जा सूचकांक हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि फार्मा और वित्तीय सेवाओं के सेक्टरों पर दबाव देखा जा रहा है। सेंसेक्स में विप्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक, एसबीआई और एलएंडटी में सबसे ज्यादा बढ़त रही। मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और टीसीएस पर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया। चॉइस ब्रोकिंग में रिसर्च एनालिस्ट देवेन मेहता का कहना है कि गैप-अप ओपनिंग के बाद निफ्टी का सपोर्ट 23,400 अंक पर और फिर 23,300 अंक तथा 23,200 अंक पर है। बढ़त की तरफ देखें तो 23,550 अंक के बाद 23,650 अंक और 23,700 अंक एक बड़ी रुकावट है।

## फिच ने भारत का विकास अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** अंतर्राष्टीय रेटिंग एजेंसी फिच ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। पहले उसने मौजूदा वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के सात प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया था। वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल भरे माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था दूसरे देशों के मुकाबले तेजी से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है। फिच की ओर से जारी अनुमान में बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर वित्त वर्ष 2025-26 और वित्त वर्ष 2026-27 में क्रमश: 6.5 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत रह सकती है। महंगाई पर रेटिंग एजेंसी का कहना है कि इस वर्ष के आखिर में खुदरा महंगाई दर 4.5 प्रतिशत पर आ सकती है। वहीं, 2025 और 2026 में इसके 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।


## जैक्सन ग्रीन ने दुनिया की पहली फ़्लू गैस सीओटू से फोरजी इथेनॉल परियोजना के लिए एनटीपीसी की बोली जीती

रायपुर। एक अग्रणी नई ऊर्जा संक्रमण मंच, जैक्सन ग्रीन परियोजना के लिए फ़्लू गैस सीओटू (कार्बन डायऑक्साईड) काफोर जी इथेनॉल मे रुपांतर करनेवाले प्रकल्प निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है जो भारत के हरित भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह दुनिया में अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट है। इस परियोजना में उत्पादित ईंधन का उपयोग बिजली उत्पादन परियोजना के लिए किया जाएगा। लाइसेंसिंग, इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (एलईपीसी) दृष्टिकोण में भागीदार जैक्सन ग्रीन का लक्ष्य दो साल के भीतर इस परियोजना को निष्पादित करना है। इस परियोजना की परिकल्पना और डिजाइन नेत्रा (एनटीपीसी एनर्जी टेक्नोलॉजी रिसर्च एलायंस) द्वारा किया गया है। नेत्रा एनटीपीसी लिमिटेड की अनुसंधान और विकास शाखा है। छत्तीसगढ़ के लारा में स्थापित होने वाली परियोजना फ्लू गैसों से प्रति दिन 10 टन (टीपीडी) फोर जी इथेनॉल का उत्पादन करेगी। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में यह एक बड़ी छलांग और प्रगति है। वेओलिया कार्बन क्लीन की नवीनतम कार्बन कैप्चर तकनीक का उपयोग करते हुए, परियोजना फ्लू गैसों से 25 टीपीडी कार्बन डाइऑक्साइड गैस कैप्चर करेगी। इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में काफी कमी आएगी। इसके अतिरिक्त, 7.5 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइज़र के माध्यम से तीन टीपीडी हरित हाइड्रोजन का भी उत्पादन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में संग्रहित कार्बन डाइऑक्साइड गैस और उत्पादित हाइड्रोजन गैस को लेन्ज़ाटेक इंक की उन्नत माइक्रोबियल किण्वन तकनीक का उपयोग करके संयोजित किया जाता है। इन्हें अंतत: फोरजी इथेनॉल में परिवर्तित किया जाता है । परियोजना के महत्व को समझाते हुए, जैक्सन ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक श्री कन्नन कृष्णन ने कहा, 卐इस ऐतिहासिक परियोजना के निर्माण में एनटीपीसी के साथ अपने दीर्घकालिक संबंधों को जारी रखने पर हमें बहुत गर्व है। यह साझेदारी हमारी अनेक संयुक्त परियोजनाओं की सफलता पर आधारित है।

## एक्शन स्पेक्टेकल 'किल' का पहला गाना 'कावा कावा' अब रिलीज़: पॉप के फ्यूजन के साथ एक शानदार पंजाबी गाना

**मुंबई।** पिछले साल प्रतिष्ठित टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपने शानदार प्रीमियर के बाद, लक्ष्य, राघव जुयाल, आशीष विद्यार्थी, हर्ष छाया और तान्या मानिकतला अभिनीत बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर 'किल' ने हाल ही में अपना आधिकारिक ट्रेलर जारी किया और इसे व्यापक प्रशंसा मिली। उत्साह को और बढ़ाते हुए, फिल्म का पहला गाना 'कावा कावा' अब आधिकारिक रूप से रिलीज़ कर दिया गया है। शाश्वत सचदेव द्वारा रचित और लिखित, इस शानदार पंजाबी गाने में सुधीर यदुवंशी, संज वी और शाश्वत सचदेव ने अपनी आवाज़ दी है। पॉप के फ्यूजन के साथ पंजाबी संगीत का जश्न मनाते हुए, 'कावा कावा' में नवोदित लक्ष्य ने एक गहन लड़ाई वाले सीक्वेंस में दमदार अभिनय किया है। यह गाना सेना के कमांडो अमृत (लक्ष्य) की कहानी है, जो अपने सच्चे प्यार तूलिका (तान्या मानिकतला) के लिए नई दिल्ली जाने वाली ट्रेन में समय के खिलाफ दौड़ लगाता है। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती है, उसे अप्रत्याशित चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ×ß39;कावा कावा×ß39; अपनी जोशीली बीट्स और लिरिक्स के साथ एकदम सही टोन सेट करता है, जैसे, ×ह्लह्वश्ह्ल;तेरे लेई लड़ जाना जग सारा, तेरे लेई हर सितम नू, हर जुल्म सीने पे लेजावां गाने के बारे में अपने विचार साझा करते हुए, निर्माता गुनीत मोंगा कपूर ने कहा, किल जैसी फिल्म, जिसमें इतनी ऊर्जा और भावना है, उसके लिए एक ऐसे गाने की जरूरत थी। कावा कावा एक एड्रेनालाईन-पंपिंग एंथम है, जिसे पारंपरिक पंजाबी बीट्स के मिश्रण से पूरित किया गया है। फिल्म और लिरिक्स दोनों बताते हैं कि कोई अपने प्यार के लिए लड़ते हुए कितनी दूर तक जा सकता है।

# बीसीसीआई टीम इंडिया के प्रमुख कोच के लिए गंभीर का साक्षात्कार लेगा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पुरुष क्रिकेट टीम के प्रमुख कोच पद के लिए पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर का साक्षात्कार लेगा। सूत्रों ने बताया कि बीसीसीआई सचिव जय शाह और अन्य अधिकारी यह साक्षात्कार लेंगे। बीसीसीआई के निकटस्थ सूत्र ने कहा, गौती (गौतम गंभीर) आज बीसीसीआई मुख्यालय में साक्षात्कार के लिए लगभग 12 बजे मुम्बई पहुंचेंगे। इस बात की लगभग पुष्टि हो गयी है कि वह टीम इंडिया के अगले मुख्य कोच होंगे। बीसीसीआई ने गंभीर द्वारा पेश की गयी शर्तों को मान लिया है और मुख्य कोच की जानकारी जल्द ही सामने आ जायेगी। बैठक 2 से 4 के बीच होनी निर्धारित है। गंभीर ने मुख्य कोच पद के लिए कुछ मांगे बीसीसीआई के सामने रखी हैं जैसे टीम पर पूरा नियंत्रण, सफ़ेद और लाल गेंद के लिए अलग-अलग टीमें, जो समझता है कि बीसीसीआई ने मान ली हैं और उन्हें नियुक्त करने के लिए उत्सुक है। बीसीसीआई ने मुख्य कोच पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये थे जिसकी समय सीमा 27 मई थी। नौकरी विवरण के अनुसार, नया भारतीय पुरुष मुख्य कोच जुलाई 2024 से दिसंबर 2027 तक तीनों प्रारूपों के लिए होगा। भारत के मुख्य कोच के रूप में द्रविड़ का मूल अनुबंध नवंबर में 2021 टी20 विश्व कप के बाद शुरू हुआ था और घरेलू मैदान पर 2023 वनडे विश्व कप के साथ समाप्त हो गया था और इसे इस साल के टी20 विश्व कप टूर्नामेंट तक बढ़ा दिया गया था।

## शब्द सामर्थ्य -092

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 091 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, गुरुवार 20 जून 2024

## मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन के सदस्यों ने की मुलाकात

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर में उनके कार्यालय कक्ष में छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार पिंगुआ ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को एसोसिएशन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद और आईएएस एसोसिएशन के सचिव श्री प्रसन्ना आर. मौजूद रहे।



# सभी स्कूलों में बनाया जाएंगे स्मार्ट क्लासरूम : बृजमोहन अग्रवाल

## शिक्षा मंत्री ने ली समीक्षा बैठक, छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में किए जाएंगे महत्वपूर्ण बदलाव, विश्व स्तर की शिक्षा दिलाने का प्रयास

### मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री से स्वीकृति के बाद शुरू होगी 33 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया

### बृजमोहन अग्रवाल ने वेतन और पदोन्नति विसंगति दूर करने के निर्देश दिए



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पहले शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमे शिक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा विभिन्न कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षकों की भर्ती, वेतन विसंगति, पदोन्नति, नई शालाओं के निर्माण समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर जानकारी ली। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा के स्तर को विश्व स्तरीय बनाने के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं राज्य में शिक्षकों के 33000 रिक्त पदों पर मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री से स्वीकृति के बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगी। साथ ही राज्य में वेतन विसंगति और संयुक्त संचालक, उप संचालक, प्राचार्य, व्याख्याता, उच्च वर्ग शिक्षक, प्रधानपाठक की पदोन्नति के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है की सारी विसंगतियां को जल्द से जल्द दूर कर उनको अवगत कराया जाए।

बृजमोहन अग्रवाल ने सभी शासकीय और गैर शासकीय मुफ्त पाठ पुस्तक उपलब्ध कराने के लिए पाठ्य पुस्तक निगम को निर्देश दिया है कि पुस्तकों को जिला स्तर पर उपलब्ध कार्य जाए वहां से सभी स्कूलों में शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पहले ही भेज दिया जाए।

जर्जर होती स्कूलों की बिल्डिंग और नए भवनों के निर्माण के लिए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने डीएमएफ और सीएसआर मद से कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों के लिए शिक्षा विभाग की अलग से इंजीनियरिंग सेल प्रक्रिया को जल्द ही पूर्ण करने के लिए भी अधिकारियों से कहा। साथ ही विश्व स्तर की शिक्षा मुहैया कराने के लिए सभी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम और ई क्लास रूम बनाने के निर्देश दिए। साथ ही राज्य के ज्यादा से ज्यादा स्कूलों का पीएम श्री योजना के तहत अपग्रेडेशन करने के निर्देश दिए हैं।

श्री अग्रवाल ने राज्य के समस्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में मैथ्स, साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स संकाय शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अनुदान प्राप्त अशासकीय शालाओं की समय समय पर जाँच एवं निरीक्षण करने को भी कहा एवं अशासकीय शालाओं में आर.टी.ई. के शुल्क की प्रतिपूर्ति की जानकारी ली। उन्होंने अशासकीय शालाओं में शुल्क वृद्धि, गणवेश, पुस्तक खरीदी एवं आर.टी.ई के तहत प्रवेश में गड़बड़ी न होने के लिए जिला स्तर पर कमेटी गठित करने को भी कहा जिसमे स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो और नियम विरूद्ध कार्य करने वाले शालाओं के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने नए स्कूल खोलने की जगह बेहतर निजी विद्यालयों को अनुदान देकर विद्यार्थियों को उसमे शिक्षा दिलाने पर जोर दिया।

शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक शैक्षणिक सत्र में दो बोर्ड परीक्षाएं आयोजित किए जाने के निर्देश दिए साथ ही कमजोर बच्चों के लिए जिला स्तर पर कोचिंग केंद्र खोलने की बात कही। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग सेंटर शुरू करने के निर्देश दिए। इतना ही नहीं, विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा का सही ज्ञान देने के लिए भाषा एक्सपर्ट की नियुक्ति के साथ ही जिन क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी है उसे तत्काल पूरा करने के लिए अतिथि शिक्षकों की भर्ती के निर्देश दिए हैं। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए विभाग को शिक्षकों के उचित प्रशिक्षण के लिए निर्देश दिए। साथ ही डाईट सेंटर का फिर से कायाकल्प किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर दूसरे राज्यों से भी राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों को बुलाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा में समन्वय के लिए एक समिति बनाने को भी कहा है। बृजमोहन अग्रवाल ने अधिकारियों से अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन @2047 विजन डॉक्यूमेंट को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही न्योता भोज कार्यक्रम की समीक्षा की। श्री बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि, भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में शिक्षा के स्तर को बढ़ाना चाहती है जिसके लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। जिसके लिए व्यवस्था और गुणवत्ता दोनों में उचित बदलाव लाया जाएगा।

बैठक में कोमल परदेशी सचिव स्कूल शिक्षा, संजीव झा प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा, श्रीमती दिव्या मिश्रा संचालक लोक शिक्षण राजेंद्र कटारा संचालक एससीईआरटी, कुलदीप शर्मा प्रबंध संचालक पाठ्य पुस्तक निगम, श्रीमती पुष्पा साहू सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे महाप्रबंधक सुश्री नीनु इटियेरा ने राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से शिष्टाचार भेंट की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक सुश्री नीनु इटियेरा ने श्री विश्वभूषण हरिचंदन राज्यपाल से राजभवन में सौजन्य मुलाकात की। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में चल रहे रेलवे के विकासात्मक एवं इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों पर माननीय राज्यपाल छत्तीसगढ़ महोदय से चर्चा की। बेहतर यात्रीसेवा और प्रदेश के विकास के लिए बेहतर रेल सुविधा एवं रोड व रेल सेफ्टी से संबंधित रोड अंडर ब्रिज एवं रोड ओवर ब्रिज के कार्यो में राज्य शासन से अनेकों रेल परियोजनाओ पर समन्वय की आवश्यकता है। बेहतर यात्री सुविधा यात्री ट्रेनों का बेहतर परिचालन, छत्तीसगढ़ के उद्योगों को बढ़ावा हेतु रेल सुविधा, प्रदेश के व्यापार को प्रगति देने हेतु कोयला, फूड ग्रेन, आयरन ओर एवं सीमेंट का ज्यादा से ज्यादा लदान कर देश की प्रगति में सहायक बनना। राज्य शासन के साथ पूर्व में हुई बैठकों में लिए गए निर्णय एवं राज्य शासन के समन्वय से होने वाले कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किए जाने से रेलवे के विकासात्मक कार्यों में गति लाने हेतु चर्चा की गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार भी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रिगणों ने सांसद बनने पर बृजमोहन अग्रवाल को किया सम्मानित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में स्कूल



शिक्षा मंत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री बृजमोहन अग्रवाल को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री अग्रवाल को सांसद निर्वाचित होने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री बृजमोहन अग्रवाल देश में सर्वाधिक वोटों से जीतने वाले सांसदों में शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर मंत्री श्री अग्रवाल द्वारा छत्तीसगढ़ के विकास के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा की वे सतत रूप से आम जनता की सेवा करते आ रहे हैं। जनता ने उन्हें ढेर सारा प्यार दिया है। इस बार उन्होंने रिकार्ड मतों से विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीतकर जनता के बीच अपनी लोकप्रियता साबित की है। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव और श्री विजय शर्मा सहित मंत्री परिषद के सदस्यों ने श्री अग्रवाल को सम्मानित किया। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि आप लोगों के साथ मेरा हमेशा आत्मीय और अटूट रिश्ता रहेगा। उन्होंने सम्मान के लिए सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# वीर सावरकर कुटिया का हुआ शुभारंभ



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शंकर नगर वार्ड 30 के पार्षद सुमन राम प्रजापति ने बताया कि बाल उधान में शहीद वीर सावरकर जी के नाम से कुटिया का शुभारम्भ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा जी उपस्तिथ हुए। कुटिया का शुभारंभ विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने फीता काट कर किया, पार्षद प्रतिनिधि राम प्रजापति, एवम नागरिको द्वारा नारियल फोड़ कर श्री गणेश किया, सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर विधायक मिश्रा जी ने वार्ड वासियों को संबोधित करते हुए वीर सावरकर जी के जीवन के महत्व को बताते हुए अपनी बात रखी साथ ही कहा कि इस कुटिया के बन जाने से बारिश में आमजन को बैठने की सहूलियत होगी। एवम सदैव आम जन से जुड़कर कार्य करने की बात प्रमुखता से कही।

इस अवसर पर वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्तिथ हुए कार्यक्रम का शुभारंभ भजन की शुरुवात से हुआ ऋत्वि बरडिया जी ने देश भक्ति कविता सुनाई तत पश्चात उपस्तिथ वरिष्ठ नागरिकों ने भी गीत संगीत की प्रस्तुति दी।आर.एन. गुप्ता जी ने माउथ ऑर्गन से सबक मन मोह लिया। इस दौरान मुख्य रूप से संजय गिजरे जी, शुभदा गिजरे जी, आर एन गुप्ता जी, ए के घोष जी, आर के शर्मा जी, राजकुमार तनवानी जी, आलोक नायक जी, एस के श्रीवास्तव जी, जी आर इग्लेकर जी, जी पी गुप्ता जी, गोपाल कस्तूरिया जी, त्रिलोक सिंग सलूजा जी, सी पी व्यास जी, जगदीश प्रसाद जी, शीतल साहू जी, ए आर चंद्राकर जी, जी. जी. गोस्वामी जी, दिलीप नामपल्लीवार जी, टीनू जोशी जी, एस के दावड़ा जी, मूलचंद प्रजापति जी, डालम प्रजापति जी, ए के डबली जी, लखन लाल यादव जी, दिनेश अग्रवाल जी, के.के. गिलूरकर जी, सुनील परेतकर जी, कुंदन प्रजापति जी, सी एस चंद्राकर जी, साधना चक्रवती जी, सुनीता वंजारी जी, संतोष मुकेश प्रजापति जी, मुन्नी प्रजापति जी, सुनीता नागवंशी जी, चेतना डाभी जी, नरेंद्र जी, अग्रवाल जी, हरीश सिंघानिया जी, अजय दुबे जी, प्रवीण चौधरी जी, नितिन श्रीवास्तव जी, अनूप वर्मा जी, जीतू सिंघनिया जी, हरीश अग्रवाल जी, सतीश गुप्ता जी, चेतन जोशी जी, श्याम अग्रवाल जी, जॉन तिमोथी जी, के टी थॉमस जी, सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित हुए।

# राजधानी शहर में पर्यावरण संरक्षण हेतु अभिनव पहल

### नगर निगम रायपुर एवं आलोक फेरो एलायज लिमिटेड के मध्य कारा, निमोरा एसटीपी का 4 एमएलडी जल प्रतिदिन 6000 रूपए प्रति एमएलडी देने हुआ एमओयू



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की समाज हितकारी मंषा के अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम रायपुर प्रशासन के सतत प्रयासो एवं पहल के सुफल स्वरूप नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक में लिये गये संकल्प के पालन में आज नगर पालिक निगम रायपुर और हीरा ग्रुप की इकाई आलोक फेरो एलायज लिमिटेड के मध्य कारा, निमोरा एसटीपी से प्रतिदिन 4 एमएलडी जल औद्योगिक उपयोग करने देने हेतु एमओयू संपन्न हुआ।

एमओयू के दौरान नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा सहित हीरा ग्रुप के डायरेक्टर श्री अजय दुबे, नगर निगम अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता श्री राजेश शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता श्री रधुमणी प्रधान, सहायक अभियंता श्री योगेश कडु, जोन कमिष्नरगण, कार्यपालन अभियंतागण, सहायक अभियंतागण, नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में उपस्थित थे। एमओयू के क्रियान्वयन के साथ ही कारा एसटीपी से 1 एमएलडी और निमोरा एसटीपी से 3 एमएलडी कुल 4 एमएलडी जल औद्योगिक उपयोग उपचारित करने पश्चात हेतु प्रतिदिन 6000 रुपए प्रति एमएलडी जल देने पर नगर निगम रायपुर को प्रति वर्ष लगभग 84 लाख रुपए वार्षिक आय होने एवं इससे 40 लाख लीटर जल का संरक्षण सहज तरीके से होने का मार्ग शीघ्र पूरी तरह प्रषस्त हो जायेगा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के आदेशानुसार एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरूण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला प्रषासन सहित नगर पालिक निगम रायपुर राजधानी शहर में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के साथ मिलकर नगर निगम रायपुर के महापौर श्री एजाज ढेबर, रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा के निर्देष पर राज्य शासन की समाज हितकारी मंषा के अनुरूप विभिन्न योजनाओ में तेजी से कार्य कर रहा है।

### नगर निगम को लगभग 84 लाख रुपए होगी वार्षिक आय, 40 लाख लीटर जल का प्रतिदिन होगा संरक्षण

समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दिषा में अभिनव पहल करते हुए आज नगर निगम रायपुर ने हीरा ग्रुप की इकाई आलोक फेरो एलायज लिमिटेड के साथ नगर निगम मुख्यालय में एमओयू ( मेमोरेण्डम ऑफ अंडरस्टेण्डिंग) नगर निगम आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एमडी श्री अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि एमओयू अनुसार नगर निगम रायपुर कारा, एसटीपी से 1 एमएलडी एवं निमोरा एसटीपी से 3 एमएलडी जल आलोक फेरो एलायज लिमिटेड को औद्योगिक उपयोग हेतु प्रतिदिन 6000 रुपए प्रति एमएलडी की दर पर प्रदान करेगा। कारा और निमोरा एसटीपी से लेकर हीरा ग्रुप की इकाई के प्लांट के क्षेत्र तक उक्त जल ले जाने आवश्यक पाईप लाईन फिल्टर सिस्टम डालने के कार्य में लगने वाला सम्पूर्ण व्यय हीरा ग्रुप की इकाई आलोक फेरो एलायज लिमिटेड द्वारा वहन किया जायेगा। इससे नगर निगम रायपुर को प्रति वर्ष लगभग 84 लाख रुपए की वार्षिक आय होगी। वार्षिक आय के नये संसाधन सहित इससे पर्यावरण सुधार की दिशा में अब तक प्रतिदिन लगभग 40 लाख लीटर जल जो औद्योगिक क्षेत्रों में भूजल एवं नदी से लिया जा रहा था, उस पर रोक लगने से एवं उसका पुर्नउपयोग होने से प्रतिदिन 40 लाख लीटर जल का संरक्षण नियमित रूप से हो सकेगा एवं इसे शासन की समाज हितकारी एवं लोककल्याणकारी मंषा के अनुरूप पूर्ण सदूपयोग किये जाने का मार्ग सहजता से प्रशस्त हो जायेगा।

नगर निगम रायपुर एवं आलोक फेरो एलायज लिमिटेड के मध्य कारा, निमोरा एसटीपी का 4 एमएलडी जल प्रतिदिन 6000 रूपए प्रति एमएलडी देने एमओयू हुआ, इससे नगर निगम को लगभग 84 लाख रुपए वार्षिक आय होगी, 40 लाख लीटर जल का प्रतिदिन संरक्षण होगा।

# निवेशकों ने मुख्यमंत्री से मिलकर छत्तीसगढ़ में निवेश करने में दिखाई रूचि

### छत्तीसगढ़ के लोगों के स्किल अपग्रेडेशन के लिए कंपनियां करें काम : सीएम विष्णुदेव साय

### नए उद्योग स्थापित करने वाले निवेशकों को राज्य सरकार से मिलेगा हर संभव सहयोग



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज यहां मंत्रालय में निवेशकों ने मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में निवेश करने में रूचि दिखाई। इन निवेशकों में इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) और आईटी क्षेत्र की बहुराष्ट्रीय कंपनी टेलिपरफॉर्मेंस शामिल हैं। इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने जशपुर में ग्रीन फील्ड सोलर प्लांट की स्थापना तथा नवा रायपुर अटल नगर में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब स्थापित करने में रूचि दिखाई है। कंपनी की योजना जशपुर में 400 मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित करने की है। इसी तरह टेलिपरफॉर्मेंस कंपनी आईटी एवं आईटीज के क्षेत्र की प्रमुख कंपनी है, जिसने नवा रायपुर अटल नगर में 500 सीटर क्षमता का बीपीओ स्थापित करने में रूचि दिखाई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने निवेशकों से चर्चा के दौरान कहा कि कंपनियों की जरूरत के मुताबिक छत्तीसगढ़ के युवाओं को प्रशिक्षण देकर उनकी स्किल बढ़ाई जाए और उन्हें स्थापित की जाने वाली इकाईयों में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराया जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीति के तहत छत्तीसगढ़ में निवेश करने वाले उद्यमियों और कंपनियों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे उद्योगों को प्रदेश में प्राथमिकता दी जा रही है, जिनसे प्रदूषण नहीं हो। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी भी उपस्थित थे। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने चर्चा के दौरान कहा कि नवा रायपुर अटल नगर में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया गया है। यहां निवेश करना निवेशकों के लिए काफी सुविधाजनक होगा।

निवेशकों ने भी नवा रायपुर में विकसित किए गए इंफ्रास्ट्रक्चर की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, श्री राहुल भगत, डॉ. बसवराजु एस., आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव श्रीमती आर. संगीता, एनआरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सौरभ कुमार भी उपस्थित थे।

# भव्य एवं गरिमापूर्ण मनाया जाएगा योग दिवस

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। इस साल भी देश-दुनिया के हर कोने के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी उत्साह से योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आयोजन की भव्य तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय के मुख्य आतिथ्य में योग दिवस का राज्य स्तरीय आयोजन किया जाएगा। इसके अनुपालन में तैयारियों के लिए निर्देश विभिन्न विभागों को जारी किया गया है। इन निर्देशों के अनुपालन में तैयारियां आरंभ की जा चुकी हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन का कार्यक्रम राजधानी के साथ ही सभी जिला मुख्यालयों में विशेष रूप से होंगे। इनमें शासकीय के साथ ही अशासकीय संस्थाएं भी सहयोग करेगी। योग के प्रति व्यापक जागरूकता विकसित करने तथा कार्यक्रम में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। राज्य स्तरीय आयोजन मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा। राज्य स्तरीय आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों की हिस्सेदारी होगी।

# एनटीपीसी कोरबा ने बालिका सशक्तिकरण अभियान (जीईएम) का 2024 का समापन समारोह आयोजित किया



**कोरबा ( विश्व परिवार )।** एनटीपीसी कोरबा ने 2019 में पहली बालिका सशक्तिकरण अभियानका आयोजन किया, जो युवा बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता की शुरुआत को दर्शाता है। यह दूरदर्शी कार्यक्रम समाज के उत्थान के लिए एक प्रतिबद्धता है, और यह अपनी शुरुआत से ही पूरे भारत में 10104 लड़कियों और कोरबा में 492 लड़कियों के सपनों को पूरा कर रहा है।

बालिका सशक्तिकरण मिशन 2024 (जीईएम) की महीने भर की आवासीय ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का समापन करते हुए, एनटीपीसी कोरबा ने 19 जून 2024 को एक भव्य समापन समारोह का आयोजन किया। कोरबा ने 120 लड़कियों के लिए 21 मई 2024 से 19 जून 2024 तक पाठ्येतर और शैक्षणिक गतिविधियों और जीवन कौशल सत्रों को शामिल करते हुए महीने भर चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख श्री राजीव खन्ना की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। एनटीपीसी कोरबा के मुख्य महाप्रबंधक श्री राजीव खन्ना ने कहा, हम सब मिलकर बदलाव ला सकते हैं। हम सब मिलकर ऐसी दुनिया बना सकते हैं, जहां हर लड़की चमक सके। कोरबा ने महीने भर चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत 39 आस-पास के गांवों के 40 सरकारी स्कूलों की 123 लड़कियों के आगमन के साथ की। स्वास्थ्य जांच से शुरू हुई कार्यशाला में लड़कियों के दिमाग में कई कौशल विकसित किए गए और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में मूल्यवान व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया। समापन समारोह में सभी महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, यूनियन और एसोसिएशन के पदाधिकारी, मैत्री महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती रोली खन्ना, मैत्री महिला समिति की वरिष्ठ सदस्य, टाउनशिप स्कूल के प्रधानाचार्य, एनटीपीसी कोरबा के कर्मचारी, जीईएम लड़कियों के माता-पिता उपस्थित थे।

एनटीपीसी कोरबा के मुख्य महाप्रबंधक श्री राजीव खन्ना ने सभा को संबोधित करते हुए जीईएम कार्यक्रम के प्रति एनटीपीसी की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया और अपने प्रतिभागियों के लिए एक आशाजनक भविष्य गढ़ने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि यह मिशन एक अविश्वसनीय यात्रा रही है, जो सीखने, विकास और सशक्तिकरण के क्षणों से भरी हुई है। यह केवल एक कार्यक्रम का पूरा होना नहीं है, बल्कि इन युवा लड़कियों के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है।

लड़कियों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए सशक्त बनाना, उनमें अपने सपनों को पूरा करने का आत्मविश्वास पैदा करना और उन्हें जीवन की जटिलताओं से निपटने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना। पिछले एक महीने में, हमने अविश्वसनीय परिवर्तन देखे हैं। हमने युवा लड़कियों को अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलते, चुनौतियों को स्वीकार करते और अपने तरीके से नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरते देखा है। समापन समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354